शनिवार
02 अप्रैल 2022



पृष्ठ 4
फिल्म सेल्फी में नुसरत भरूचा और डायना पेंटी की एंट्री



पृष्ठ 5
स्वास्थ्य के लिए जरूरी है हर रोज व्यायाम करना



● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 65
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

एकता का किला सबसे सुरक्षित होता है। न वह टूटता है और न उसमें रहने वाला कभी दुखी होता है।
– अज्ञात

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

# हेल्थ वर्करों ने स्वास्थ्य मंत्री को घेरा

विशेष संवाददाता

देहरादून। कोरोना काल में अपनी असाधारण सेवाएं देने वाले स्वास्थ्य वर्करों ने आज अपनी सेवा बहाली को लेकर स्वास्थ्य मंत्री के आवास और दून अस्पताल में धरना प्रदर्शन किया। स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत के बिना बात किए ही घर से निकल कर चले जाने से स्वास्थ्य कर्मियों में भारी नाराजगी देखी गई।

उल्लेखनीय है कि कोरोना काल में मार्च 2020 से लेकर मार्च 2021 तक स्वास्थ्य विभाग द्वारा बड़ी संख्या में सहायक स्वास्थ्य कर्मियों की नियुक्ति की गई थी जिन्होंने बीते 2 साल में कोरोना काल के जटिल समय में अपनी सेवाएं दी गई थी लेकिन कोरोना की दूसरी लहर खत्म होने के बाद 31 मार्च को इन सभी 2186 स्वास्थ्य वर्करों की सेवाएं समाप्त कर दी गई। अब यह सभी स्वास्थ्य वर्कर अपनी सेवा बहाली की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।

आज इन स्वास्थ्य वर्करों द्वारा दून अस्पताल में धरना प्रदर्शन किया गया यह स्वास्थ्य वर्कर पूर्व समय में स्वास्थ्य मंत्री धनसिंह रावत से मिलकर उन्हें अपनी समस्याएं बता चुके हैं। आज यह स्वास्थ्य वर्कर मंत्री धन सिंह रावत द्वारा समय दिए जाने पर उनके आवास पर उनसे मिलने पहुंचे थे। स्वास्थ्य मंत्री उस समय अपने आवास पर ही मौजूद थे लेकिन वह स्वास्थ्य वर्करों से नहीं मिले और बिना बात किए ही अपने आवास से निकल गए। जिसे लेकर स्वास्थ्य वर्करों में भारी नाराजगी देखी गई। मंत्री के रवैए से नाराज स्वास्थ्य वर्कर वहीं धरने पर बैठ गए और सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन करने लगे। वहीं दूसरी तरफ उनके अन्य तमाम सहकर्मियों ने आज

●आवास और दून अस्पताल में धरना प्रदर्शन
●बिना बात किए ही घर से निकल गए मंत्री

◄◄ शेष पृष्ठ 8 पर

## कांग्रेस ने दिया समर्थन



देहरादून। नौकरी से निकाले गए स्वास्थ्य कर्मियों को समर्थन देने आज कांग्रेस विधायक प्रीतम सिंह व अन्य कई नेता भी दून अस्पताल पहुंचे और उन्होंने सरकार की निंदा करते हुए कहा कि उनकी लड़ाई में कांग्रेस उनके साथ है। इस अवसर पर प्रीतम सिंह ने कहा कि पहले से ही राज्य के स्वास्थ्य महकमे की हालत खराब है। राज्य में डॉक्टरों व मेडिकल स्टाफ की भारी कमी है ऐसे में कर्मचारियों को निकाला जाना गलत है। उन्होंने डॉ.निधि के प्रकरण में कहा कि यह घटना निंदनीय है डॉक्टरों का अपना भी कोई सम्मान है। उन्होंने सरकार से इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# पांच साल बाद पीसीएस का प्री एग्जाम कल

विशेष संवाददाता

देहरादून। लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली पीसीएस प्री परीक्षा कल कराई जाएगी। प्रशासन द्वारा इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

पीसीएस के लिए होने वाली इस परीक्षा का अभ्यर्थियों को पूरे 5 साल इंतजार करना पड़ा है। इससे पूर्व तत्कालीन हरीश रावत के नेतृत्व वाली कांग्रेस की सरकार के समय 2016 में पीसीएस की परीक्षा कराई गई थी। राज्य के हजारों बेरोजगार युवकों को इस परीक्षा का इंतजार था। लंबे समय के अंतराल के बाद होने वाली इस परीक्षा को लेकर जहां अभ्यर्थियों में खासा उत्साह है वहीं प्रशासन द्वारा भी इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

कल आयोजित की जाने वाली इस परीक्षा जो कुल 318 पदों के लिए हो रही है के सापेक्ष उत्तराखंड सहित अन्य तमाम राज्यों के ढाई लाख से अधिक लोगों ने अपना आवेदन भरा है। राज्य प्रशासन द्वारा इस परीक्षा के लिए राज्य के सभी 13 जिलों के 26 शहरों में 680 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिनमें कल दो पारियों में इस परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। राजधानी देहरादून में इस परीक्षा के लिए सबसे अधिक केंद्र बनाए गए हैं और दून जिले में सबसे अधिक परीक्षार्थी भाग लेंगे। अगर सब कुछ ठीक रहता है तो इस परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा तक पहुंचने का अवसर मिलेगा। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि पिछली राज्य सरकार के पूरे कार्यकाल में एक बार भी पीसीएस की परीक्षा आयोजित नहीं हो सकी थी जबकि पूर्ववर्ती कांग्रेस के कार्यकाल में दो बार पीसीएस की परीक्षा आयोजित की गई थी। राज्य में बेरोजगारी बढ़ने और रोजगार देने के मुद्दे पर फेल रहने के आरोप लगाकर विपक्ष भाजपा को लगातार घेरता रहा है। इसलिए सरकार पर यह दबाव है कि विभिन्न विभागों में खाली पड़े पदों को यथाशीघ्र भरे। शिक्षा मंत्री ने भी राज्य में शिक्षा विभाग में खाली पड़े पदों को एक माह में भरने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं।

❑318 पदों के लिए ढाई लाख अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

# पीएम मोदी और पीएम देउबा ने किया नेपाल में रुपे भुगतान कार्ड का शुभारंभ


नई दिल्ली। नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा तीन दिवसीय दौरे पर भारत आए हुए हैं। इस दौरान देउबा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। मोदी और देउबा ने बिहार में जयनगर और नेपाल के कुर्था के बीच सीमा पार रेल नेटवर्क का उद्घाटन किया। इसके अलावा दोनों ने नेपाल में सोलू बिजली ट्रांसमिशन लाइन का उद्घाटन भी किया। यही नहीं, पीएम मोदी ने अपने समकक्ष शेर बहादुर देउबा के साथ नेपाल में रुपे भुगतान कार्ड का शुभारंभ किया। नेपाल में रुपे भुगतान कार्ड का शुभारंभ करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि नेपाल में रुपे कार्ड की शुरुआत से हमारी वित्तीय कनेक्टिविटी में एक नया अध्याय जुड़ जाएगा। इसके साथ ही, पीएम मोदी ने कहा कि हमने नेपाल की जलविद्युत विकास परियोजनाओं में भारतीय कंपनियों की अधिक भागीदारी पर भी सहमति व्यक्त की। नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा ने कहा कि मैं वास्तव में नेपाल और नेपाली लोगों के लिए आपके प्यार और स्नेह की प्रशंसा करता हूं और मेरी आज की यात्रा इन सहज भावनाओं को और अधिक लागू करेगी।



# भारत में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस के दर्ज हुए 1260 नए केस, संक्रमण से 83 मरीजों ने गंवाई जान

नई दिल्ली । देश में पिछले २४ घंटे में १२६० ऐसे लोग सामने आये है, जिनमें कोरोना वायरस के संक्रमण की पुष्टि हुई है। वहीं इस दौरान महामारी की चपेट में आए ८३ मरीजों ने जान गंवा दी। वहीं कोविड के नए मामलों में हो रही गिरावट के चलते देश में एक्टिव केस की संख्या साढ़े १३ हज़ार के करीब रह गई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा शनिवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत में एक दिन में कोविड–१९ के १,२६० नए मामले आने से संक्रमण के कुल मामलों की संख्या ४,३०,२७,०३५ हुई जबकि ८३ मरीजों के जान गंवाने से मृतकों की संख्या ५,२१,२६४ पर पहुंच गई। मंत्रालय के अनुसार, देश में एक्टिव केस की संख्या संक्रमण के कुल मामलों का ०.०३ प्रतिशत है, जबकि कोविड–१९ से स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर ९८.७६ फीसदी है। आंकड़ों के मुताबिक पिछले २४ घंटे में कोविड–१९ के एक्टिव केस की संख्या में २२७ मामलों की कमी दर्ज की गयी है। कोरोना का डेली पॉजिटिविटी रेट ०.२४ प्रतिशत और वीकली पॉजिटिविटी रेट ०.२३ प्रतिशत दर्ज किया गया।



## ओमिक्रॉन बीए.2 से 10 गुना ज्यादा संक्रामक है एक्सई वैरिएंट

जेनेवा। कोरोना वायरस अपने स्वरूपों में लगातार बदलाव कर रहा है। ओमिक्रॉन के सब वैरिएंट बीए .२ के बाद कोरोना वायरस का एक नया म्यूटेंट सामने आया है। एक्सई नाम का ये नया वेरिएंट बीए.२ से दस गुना ज्यादा संक्रामक होगा। एक्सई ओमिक्रॉन के दो सब लीनेज बीए.१ और बीए.२ का रीकॉम्बिनेंट स्ट्रेन है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने चिंता जाहिर की है। डब्ल्यूएचओ ने अपनी हालिया रिपोर्ट में बीए.२ की तुलना में इसकी कम्यूनिटी ग्रोथ रेट १० प्रतिशत ज्यादा होने के संकेत मिले हैं। हालांकि, इसकी पुष्टि के लिए आंकड़ों की आवश्यकता है।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# सड़े हुए सिस्टम की तस्वीर

स्वास्थ्य सचिव की पत्नी और दून अस्पताल की वरिष्ठ एक महिला डॉक्टर के बीच जो विवाद का मामला सामने आया है वह हमारे सड़े हुए सिस्टम का एक ऐसा सच है जिससे सभी मुंह फेर रहे हैं। आजादी के 75 साल बाद भी हमारे अफसर और नेताओं से लेकर समूचा तंत्र गुलामियत की सोच से ऊपर नहीं उठ सका है। स्वास्थ्य सचिव पंकज पांडे की पत्नी को अपने ओपीडी मरीजों को छोड़कर उनके घर जाकर देखने का आदेश देने वाले दून प्रशासन के अधिकारी क्या इस घटना के लिए जिम्मेदार नहीं है? एक वरिष्ठ डॉक्टर से अभद्रता की जाती है और अस्पताल प्रशासन उल्टा उन्हें ही सचिव की पत्नी से माफी मांगने को कहता है। क्या यह अधिकारियों की गलती नहीं है? क्या डॉक्टर निधि के माफी मांगने से इन्कार करने पर उनका तुरंत तबादला करने वाले अधिकारी इस घटना के लिए जिम्मेदार नहीं है। सच यह है कि इस सड़े हुए सिस्टम में सबको सिर्फ अपनी हनक दिखाने से ही मतलब है। एक आईएएस जो सबके सर पर बैठा है सब उसके इशारों पर बंदर की तरह नाच रहे हैं और अगर कोई उनका सहकर्मी उत्पीड़न का शिकार हो रहा है तो उसे माफी मांगने की सलाह दे रहे हैं और उसे भी अपनी तरह बंदर बनकर अपने साथ नाचने को कह रहे हैं। अस्पताल प्रशासन का सचिव के घर जाकर उनकी पत्नी को मनाने के प्रयास करना क्या सिस्टम व्याप्त चाटुकारिता का हिस्सा नहीं है? क्या इनके लिए अफसरों के बीवी-बच्चे भी अफसर होते हैं जिनके चरणों में शीश नवाए बिना उनकी नौकरी नहीं चल सकती है? लेकिन सच यही है कि इस सड़े हुए सिस्टम का यही सच है और इससे भी बड़ा सच यह है कि सत्ता में बैठे लोग भी सिर्फ अपनी और अपनी सरकार की किरकिरी कराने से बचने के लिए वैसे ही कार्रवाई करते दिखते हैं जैसी इस मामले में की जा रही है कि तबादला रद्द कर दो और जांच बिठा दो। स्वाभाविक है कि जांच चलने तक मामला ठंडा हो जाएगा। जब किसी को तबादले की जरूरत होती है तो महीनों और सालों अधिकारियों के सामने माथा टेकना पड़ता है लेकिन डॉ.निधि जैसे मामलों में पूरा महकमा चंद घंटों में उनका ट्रांसफर लेटर उन्हें थमा देता है। उनके ट्रांसफर का आदेश देने वाला कौन था और क्यों किया गया आदेश, यह सब कुछ साफ है। इसके लिए कोई एक व्यक्ति नहीं पूरा सिस्टम दोषी है। इसके लिए सही मायने में किसी जांच की जरूरत ही नहीं है और न निष्पक्ष जांच अपेक्षित है यह सिर्फ खानापूर्ति है। लेकिन सरकार में बैठे लोगों को इस सिस्टम को सुधारने के लिए दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की जरूरत है। जिससे सुधार की प्रक्रिया को कम से कम एक कदम आगे तो बढ़ाया जा सके। स्थिति अगर यहां तक पहुंची है, नौकरशाह बेलगाम हो गए हैं तो इसके लिए भी सत्ता में बैठे लोग ही जिम्मेवार है।

# उक्रांद ने किया स्वास्थ्य सचिव का पुतला दहन

विशेष संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल युवा प्रकोष्ठ द्वारा स्वास्थ्य सचिव पंकज पांडे एवं उनकी पत्नी द्वारा दून हॉस्पिटल में एसोसिएशट प्रोफेसर डॉ निधि उनियाल के साथ किए गए अपमानजनक बर्ताव एवं तत्काल उनके तबादले के मुद्दे को लेकर आज स्वास्थ्य सचिव का पुतला दहन किया गया।

इस मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ राजेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि उत्तराखंड में इससे पूर्व भी अफसरशाही द्वारा पहाड़ विरोधी कार्य किए गए, लेकिन इस बार स्वास्थ्य सचिव पंकज पांडे द्वारा अपनी पत्नी की स्वास्थ्य जांच के लिए डॉक्टर निधि उनियाल और अन्य स्टाफ को भेजना एवं उसके बाद उनकी पत्नी द्वारा अमर्यादित बर्ताव किया जाना दर्शाता है कि उत्तराखंड मे जूनियर अधिकारियों का किस प्रकार से शोषण हो रहा है। उन्होने कहा कि जहां एक ओर राज्य निर्माण में उत्तराखंड के कई माताओं बहनों ने अपना बलिदान दिया, उसके पश्चात राज्य का निर्माण हुआ लेकिन आज बाहरी राज्यों से यहां पर नियुक्त नौकरशाह राज्य के प्राकृतिक संसाधनों के साथ ही राज्य को खोखला करने का कार्य कर रहे हैं। स्वास्थ्य सचिव पंकज पांडे द्वारा अपने अधिकार का दुरुपयोग कर डॉक्टर निधि उनियाल का अपमान किया जाना, उत्तराखंड एवं राज्य के समस्त कर्मचारियों का अपमान है। पंकज पांडे जैसे भ्रष्ट अधिकारी इससे पूर्व भी एन एच 74 घोटालों में संलिप्त पाए गए थे एवं उनको सस्पेंड भी किया गया था। कुछ समय बाद उन्हें पुनः स्वास्थ्य विभाग में बिठाया गया, इस प्रकार के नौकरशाह उत्तराखंड के लिए घातक है। उन्होने कहा कि उत्तराखंड क्रांति दल युवा प्रकोष्ठ मांग करता है कि इस प्रकार के पहाड़ विरोधी नौकरशाहों को तत्काल प्रभाव से स्वास्थ्य सचिव जैसे जिम्मेदार पद से हटाकर सस्पेंड किया जाए व कमेटी बिठाकर जांच की बात करना उत्तराखंड की बेटी का अपमान होगा। उन्होने कहा कि इसके साथ ही एन एच 74 घोटालों की भी जांच होनी चाहिए। युवा प्रकोष्ठ के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि पंकज पांडे को एक सप्ताह के भीतर सस्पेंड किया जाए,यदि एक सप्ताह के भीतर उन्हें सस्पेंड नहीं किया जाता है तो उक्रांद युवा प्रकोष्ठ उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा। पुतला दहन कार्यक्रम में युवा प्रकोष्ठ से बृज मोहन सजवाण, योगेश शुक्ला, सुरेश आर्य, आर के शंखधर, लूसुन टोडरिया, विरेश चौधरी,सुमित डांगवाल, आदि मौजूद रहे।

# नवसंवत्सर का अतीत, वर्तमान और भविष्य!

डॉ श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट

नवसंवत्सर को रेवती नक्षत्र में, विष्कुंभ योग में दिन के समय भगवान के आदि अवतार मत्स्यरूप का प्रादुर्भाव माना जाता है।प्रथम सत् युग के प्रारंभ की तिथि भी यही है। इसी दिन सम्राट चंद्रगुप्त विक्रमादित्य ने शकां पर विजय प्राप्त की थी और उसे चिरस्थायी बनाने के लिए विक्रम संवत प्रारंभ किया था। 21 मार्च को पृथ्वी सूर्य की एक परिक्रमा पूरी कर लेती है, उस समय दिन और रात बराबर होते हैं,12 माह का एक वर्ष और 7 दिन का एक सप्ताह रखने का प्रचलन विक्रम संवत से ही शुरू हुआ था। महीने का हिसाब सूर्य व चंद्रमा की गति पर रखा गया है। विक्रम कैलेंडर की इस धारणा को यूनानियों के माध्यम से अरब और अंग्रेजों ने भी अपनाया है। विक्रम संवत से पूर्व 6676 ईसवी पूर्व से शुरू हुए प्राचीन सप्तर्षि संवत को हिंदुओं का सबसे प्राचीन संवत माना जाता है, जिसकी विधिवत शुरुआत ३076 ईसवी पूर्व हुई मानी जाती है।श्रीकृष्ण के जन्म की तिथि से कृष्ण कैलेंडर की शुरुआत हुई और फिर कलियुग संवत का आरम्भ हुआ। कलियुग के प्रारंभ के साथ कलियुग संवत की 31०2 ईसवी पूर्व में शुरुआत हुई थी। संवत्सर के पाँच प्रकार माने गए हैं जिनमे सौर, चंद्र, नक्षत्र, सावन और अधिमास शामिल है। विक्रम संवत में इन सभी का समावेश है। विक्रम संवत की शुरुआत 57 ईसवी पूर्व में हुई थी।चूंकि इसको शुरू करने वाले सम्राट विक्रमादित्य थे इसीलिए उनके नाम पर ही इस संवत का नाम रखा गया है। इसके बाद 78 ईसवी में शक संवत का आरम्भ हुआ था।नवसंवत्सर से शुरू हो रहे वर्ष के पाँच प्रकार सौर, चंद्र, नक्षत्र, सावन और अधिमास होते हैं। मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क आदि सौरवर्ष के माह हैं। यह 365 दिनों का है। इसमें वर्ष का प्रारंभ सूर्य के मेष राशि में प्रवेश से माना जाता है। फिर जब मेष राशि का पृथ्वी के आकाश में भ्रमण चक्र चलता है तब चंद्रमास के चैत्र माह की शुरुआत हो जाती है। सूर्य का भ्रमण इस समय किसी अन्य राशि में हो सकता है।चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ आदि चंद्रवर्ष के माह हैं। चंद्र वर्ष 354 दिनों का होता है, जो चैत्र माह से शुरू होता है। चंद्र वर्ष में चंद्र की कलाओं में वृद्धि हो तो यह 13 माह का होता है। जब चंद्रमा चित्रा नक्षत्र में होकर शुक्ल प्रतिपदा के दिन से बढ़ना शुरू करता है तभी से हिंदू नववर्ष की शुरुआत मानी गई है।

सौरमास 365 दिन का और चंद्रमास 355 दिन का होने से प्रतिवर्ष 1० दिन का अंतर आ जाता है। इन दस दिनों को चंद्रमास ही माना जाता है। फिर भी ऐसे बढ़े हुए दिनों को मलमास या अधिमास कहते हैं।

लगभग 27 दिनों का एक नक्षत्रमास होता है। इन्हें चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा आदि कहा जाता है। सावन वर्ष 36० दिनों का होता है। इसमें एक माह की अवधि पूरे तीस दिन की होती है।नववर्ष को भारत के प्रांतों में अलग-अलग तिथियों के अनुसार मनाया जाता है। ये सभी महत्वपूर्ण तिथियाँ मार्च और अप्रैल के महीने में आती हैं। इस नववर्ष को प्रत्येक प्रांत में अलग-अलग नामों से जाना जाता है।लेकिन मुख्यतः चैत्र माह से ही नववर्ष की शुरुआत मानी गई है और इसे नव संवत्सर के रूप में जाना जाता है। गुड़ी पड़वा, होला मोहल्ला, युगादि, विशु, वैशाखी, कश्मीरी नवरेह, उगाडी, चेटीचंड, चित्रैय तिरुविजा आदि सभी की तिथि इस नव संवत्सर के आसपास ही आती है।

इस विक्रम संवत में नववर्ष की शुरुआत चंद्रमास के चैत्र माह के उस दिन से होती है जिस दिन ब्रह्मा ने सृष्टि रचना की शुरुआत की थी। इसी दिन से सतयुग की शुरुआत मानी जाती है। इसी दिन भगवान विष्णु ने मत्स्य अवतार लिया था। इसी दिन भगवान राम का राज्याभिषेक हुआ था और पूरे अयोध्या नगर में विजय पताका फहराई गई थी। इसी दिन से रात्रि की अपेक्षा दिन बड़ा होने लगता है। इसी दिन से चैत्र पंचांग का आरम्भ माना जाता है, क्योंकि चैत्र मास की पूर्णिमा का अंत चित्रा नक्षत्र में होने से इस चैत्र मास को नववर्ष का प्रथम दिन माना गया है।रात्रि के अंधकार में नववर्ष का स्वागत नहीं होता। नये वर्ष पर सूरज की पहली किरण का स्वागत करके यह नववर्ष नवसंवत्सर के रूप में मनाया जाता है। नववर्ष के ब्रह्ममुहूर्त में उठकर स्नान आदि से निवृत्त होकर पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्य आदि से घर में सुगंधित वातावरण करते है। घर को ध्वज, पताका और तोरण से सजाया जाता है।नए सद संकल्पों के साथ इस नए वर्ष की शुरुआत होती है। ०2 अप्रैल से नव संवत्सर 2०79 का प्रारंभ हो रहा है। इस नववर्ष का प्रारंभ चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा के पहले दिन से होता है। इसी दिन से चैत्र नवरात्रि 2०22 की भी शुरुआत हो रही है।नववर्ष के राजा शनि और मंत्री गुरु होंगे। इसी प्रकार अन्य ग्रहों की भी अलग-अलग भूमिका रहेगी। इस साल के राजा न्याय के देवता शनि होने के चलते इस नवसंवत्सर के दौरान न्याय के क्षेत्र में कुछ खास स्थिति देखने को मिल सकती है।नववर्ष 2०79 में ग्रहों के मंत्रिमंडल में राजा-शनि, मन्त्री-गुरु, सस्येश-सूर्य, दुर्गेश-बुध, धनेश-शनि, रसेश-मंगल, धान्येश-शुक्र, नीरसेश-शनि, फलेश-बुध, मेघेश-बुध रहेंगे। इस वर्ष तेज हवाओ, चक्रवात, तूफान, भूकंप भूस्खलन आदि की संभावना बढी हुई है।वर्ष के राजा शनि होने के कारण जनता में शासकों के प्रति अविश्वास में वृद्धि देखने को मिल सकती है। इस नववर्ष में न्याय का शिकंजा मजबूत होने के चलते अपराधियों को दंड देने की प्रक्रिया में तेजी आएगी। पश्चिमी और मध्यपूर्व एशिया देशों में संघर्ष की स्थिति भी निर्मित होगी। महंगाई लगातार बढ़ती रहने की सम्भावना है।

सुज्योतिषः सूर्य दक्षपितघ्ननागास्ते सुमहो वीहि देवान्।
द्विजन्मानो य ऋतसापः सत्याः स्वर्वन्तो यजता अग्निजिह्वाः।।

(ऋग्वेद ६-५०-२)

हे मनुष्य ! आप सूर्य के समान सभी को प्रकाश देने वाले बनो। आप उन प्रबुद्ध विद्वानों और शिक्षकों से ज्ञान प्राप्त करो जो द्विजन्मा है अर्थात जिनका दो बार जीवन में जन्म होता है, एक तो पितृकुल में और उसके बाद आचार्य कुल में ज्ञान प्राप्त करने के लिए जन्म होता है। जो सत्यवादी हैं। जो विभिन्न विद्याओं से संयुक्त हैं। जो दूसरों का कल्याण करते हैं। हे मनुष्य ! ऐसे प्रबुद्ध विद्वानों से संयुक्त होने पर तुम्हारा भी जीवन सुखमय हो जाएगा।

"O man !" Be like the sun, who gives light to all. You should get knowledge from those enlightened scholars and teachers who are twice-born, i.e. those who are born twice in life, one in Pitrukula and then in Acharyakula to attain knowledge. Who are truthful. Who are associated with different disciplines of knowledge. Those who work for the betterment of others. O man ! By being united with such enlightened scholars, your life too will become blissful. (Rig Veda 6-50-2)

# पुरानी तहसील से दस्तावेज गायब

संवाददाता

देहरादून। पुरानी तहसील में रखे दस्तावेज गायब हो गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आदेश कौर जनाधार सहायक ने शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि पुरानी तहसील परिसर स्थित एक कमरे में हमारे जनाधार सदर से सम्बन्धित पुराने प्रमाण पत्र जो निर्गत, निरस्त हुए थे (वर्ष २०१० से २०२० तक) उनसे सम्बन्धित दस्तावेज जो तहसील में संचित रहते है। उनको हमारे द्वारा तत्कालीन तहसीलदार के मौखिक आदेशानुसार नयी तहसील से पुरानी तहसील के एक कमरे में स्थानान्तरित किया गया था तथा कमरे को बन्द कर ताला लगाया गया था। जिनको सूचना अधिकार में समय समय सूचना दिये जाने हेतु संचित पत्रावलियो का निकाला जाता था। एक अप्रैल को दोपहर लगभग साढे दस बजे पर मुझे बताया गया कि आपकी पुरानी तहसील स्थित रिकार्ड रुम का दरवाजा, खिडकी से काफी दस्तावेज (कागजात) चोरी हो गये है। सूचना पाने पर मैं अपने सहयोगी सहित रिकार्ड रुम में आई व दरवाजा खुला हुआ था एक खिडकी भी खुली हुई थी जबकि देखने पर पता चला कि रिकार्ड रुम से अधिकतर कागजात के बण्डल चोरी हो गये है। जिसकी सूचना मेरे द्वारा उच्च अधिकारियो को भी दी गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सीएम धामी ने शारदा घाट का औचक निरीक्षण कर नदी से हो रहे भूमि कटाव का जायजा लिया



कार्यालय संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टनकपुर के बूम स्थित शारदा घाट का औचक निरीक्षण किया एवं नदी से हो रहे भूमि कटाव का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा अधिकारियों को नदी से हो रहे कटाव रोकने हेतु तत्काल कार्रवाई करने की दिशा निर्देश दिए ।

## बुलेरो की चपेट में आकर बाईक सवार घायल

संवाददाता

देहरादून। बुलेरों की चपेट में आकर मोटरसाईकिल सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरू नानक रोड क्लेमनटाउन निवासी ज्ञान प्रकाश चतुर्वेदी अपनी मोटरसाईकिल से घर की तरफ जा रहा था जब वह चन्द्रबनी चौक के पास पहुंचा तभी पीछे से आ रही बुलेरो कार ने उसको अपनी चपेट में ले लिया जिससे वह गम्भीर रूप सं घायल हो गये जिसको स्थानीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। पुलिस ने घायल की पत्नी नीलम चतुर्वेदी की तहरीर पर बुलेरो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने स्मैक के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कैण्ट कोतवाली पुलिस ने तलवार लाइन के पास चैकिंग के दौरान एक स्कूटी चालक को रूकने का इशारा किया तो पुलिस को देख वह स्कूटी को तेजी से भगा ले गया। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही पकड लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से पांच ग्राम स्मैक बरामद कर ली। पूछताछ में उसने अपना नाम गोविन्द सिंह बिष्ट पुत्र शेर सिंह बिष्ट निवासी आहिर मण्डी बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर वाहन को सीज कर दिया।

## बच्ची के साथ गलत हरकत करने वाला गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। बच्ची के साथ गलत हरकत करने वाले के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत निवासी महिला ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि सीतामणि विहार निवासी अरविन्द पुत्र चन्द्रशेखर उसके घर आया और उसकी बच्ची को उठाकर अपने कमरे में ले गया जहां पर उसने बच्ची के कपडे उतार दिये। जब वह अपनी बच्ची को तलाशती हुई वहां पहुंची तो उसकी हरकत देख हैरान रह गयी। उसको देख अरविन्द वहां से भाग गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## तीन पेटी शराब के साथ एक गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने कार सवार को तीन पेटी शराब के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नेहरू कालोनी थाना पुलिस ने चैकिंग के दौरान शास्त्रीनगर कैनरा बैक के पास एक मारूति कार को रूकने का इशारा किया तो कार चालक कार को तेजी से भगा ले गया। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही रोक लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने कार से तीन पेटी शराब की बरामद कर ली। पूछताछ में कार चालक ने अपना नाम भगवत सिह पुत्र जीवन सिंह निवासी सरस्वती विहार बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर वाहन को सीज कर दिया।

# चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन मां कालिका को नीले रंग के नवीन वस्त्र धारण कराए



कार्यालय संवाददाता

देहरादून। प्रथम नवरात्र नव सवस्तर २०७६ के दिन ६६वां वार्षिक ध्वजारोहण महोत्सव की प्रथम बेला में आज मां कालिका जी का अभिषेक प्रातः ५.०० बजे प्रारंभ हुआ जिसमें दूध, दही, घी, शक्कर, इत्यादि जल से मां को पंचामृत बनाकर स्नान कराया गया व नीले रंग के नवीन वस्त्र धारण कराए गए।

मंदिर के मुख्य पुजारी द्वारा मंदिर में घट स्थापना किया गया व सभी देवी देवताओं को आमंत्रित कर उनका पूजन किया गया जिसमें घंटी पूजन, शंख पूजन, सूर्य पूजन, गणेश पूजन लक्ष्मी पूजन, व नवग्रह पूजन अनादि देवताओं का पूजन पुजारी द्वारा किया गया। तत्पश्चात मां दुर्गा की ढोल बाजे के साथ अपार भक्तों द्वारा मां की सामूहिक आरती हुई।

मंदिर समिति द्वारा आमंत्रित किए गए उत्तराखंड से विद्वान ५४ ब्राह्मणों को तिलक किया गया तत्पश्चात सभी ब्राह्मणों ने स्वस्तिवाचन व संकल्प लेकर मां दुर्गा सप्तशती का पाठ व माँ दुर्गा का जाप प्रारंभ किया। ५४ ब्राह्मणों द्वारा दुर्गा सप्तशती का पाठ व जाप प्रातः एवं सायकल दोनों समय चलता रहेगा।

मंदिर के पुजारी चंद्र प्रकाश ममगई द्वारा आज नव संवत्सर सुनाया गया। उन्होंने बताया आज के दिन ब्रह्मा जी के द्वारा सृष्टि का निर्माण कराया गया था वर्तमान नल नाम का संवत्सर है वर्ष का राजा शनि और मंत्री बृहस्पति हैं दोनों आपस में संबंध मित्र हैं मगर इस वर्ष भूकंप प्रकोप, अग्नि भय, उथल–पुथल, दुर्घटनाएं, राजनीतिक पक्ष में उथल–पुथल। वर्तमान दैनिक उपयोगी चीजों में महंगाई रहेगी। देश के राजनीति पार्टी में उथल–पुथल रहेगी लोगों को काफी नुकसान उठाना पड़ेगा देश को काफी आर्थिक नुकसान होगा तथा कहीं सूखा होगा कहीं सर्वाधिक बारिश भी होगी। कई इस प्रकार की बीमारियां होंगी जिसके बारे में ना हमने सुना है ना कभी देखी है।

मन्दिर के पुजारी कविन्द्र सेमवाल ने मां कालिका यज्ञशाला में दैनिक यज्ञ के साथ आज दुर्गा सप्तशती गायत्री मृत्युंजय, श्री विष्णु सहस्रनाम, नवग्रह अनादि मंत्र के माध्यम से समस्त विश्व कल्याण हेतु उपद्रव शांति हेतु आहुतियां प्रदान की गयी जो कि दैनिक हवन के साथ के राम नवमी तक जारी रहेगी।

श्री सिंदुरिया हनुमान मंदिर में मंदिर के ही मुख्य पुजारी के नितृत्व मे श्री राम चरित्र मानस का नवहन पाठ प्रारंभ हुआ जिसमें भी घट स्थापन, गणेश पूजन, लक्ष्मी पूजन,भगवान शंकर पूजन, सूर्य पूजन, नवग्रह पूजन अनादि देव का पूजन मंदिर के पुजारी द्वारा किया गया । प्रातः ६.३० बजे से मां अन्नपूर्णा में सर्वप्रथम पधारे हुए ५४ ब्राह्मणों व संत समाज ने जलपान प्रसाद ग्रहण किया तत्पश्चात अपार भक्तो द्वारा जलपान किया गया। दोपहर १२.३० बजे मंदिर प्रांगण में विशेष भंडारे का आयोजन किया गया।

मंदिर समिति के मंत्री भारत भूषण शर्मा ने बताया कि ५४ ब्राह्मणों द्वारा दुर्गा सप्तशती का पाठ प्रातः एवं सायकल दोनों ही समय चलेगा तथा सिंदुरिया हनुमान मंदिर मे रामचरित मानस का पाठ चलेगा। इस अवसर पर समिति के ट्रस्टी गगन सेठी, दयाल धवन ,रमेश सहानी, नरेश मैनी, उमेश मिनोचा, भारत भूषण शर्मा,हरीश कक्कड़, संजय आनंद, विजय अरोड़ा, सतीश मेहता, रामस्वरूप भाटिया, जय किशन कक्कड़, संजय चांदना, मुरली, मोहित बंगा,नीरज जिंदल, नंद कुमार आनंद, शैंकी डोरा, शशी तलवार, महेश डोरा, श्याम अरोरा, संजीव शर्मा, साहिल आहूजा, अभिषेक वादवा व अपार भक्त समाज उपस्थित थे।

## घर के बाहर खड़ी एक्टिवा चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने घर के बाहर खडी एक्टिवा चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जोहडी गांव निवासी दुर्गेश गौतम ने राजपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने अपनी एक्टिवा घर के बाहर खडी की थी। लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आया तो उसने देखा कि उसकी एक्टिवा अपने स्थान से गायब थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## नाबालिग के अपहरण व दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

पौड़ी। नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाले एक आरोपी को पुलिस ने अपहरण, दुष्कर्म व पोक्सो एक्ट की धाराओं में गिरफ्तार कर नाबालिग को बरामद कर लिया गया है।

मामला पौड़ी जनपद के कोटद्वार क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार बीती 23 मार्च को कोटद्वार निवासी एक व्यक्ति द्वारा कोटद्वार कोतवाली में अपनी नाबालिग पुत्री का घर से बिना बताये कहीं चले जाने के सम्बन्ध में गुमशुदगी दर्ज करायी गयी थी। गुमशुदगी दर्ज होते ही पुलिस ने नाबालिग की तलाश शुरू कर दी गयी। नाबालिग की तलाश में जुटी पुलिस टीम को पता चला कि उसे बिजनौर निवासी एक युवक द्वारा बहला फुसला कर भगा ले जाया गया है। मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस ने आरोपी युवक अरशद उर्फ भूरा पुत्र इरशाद, निवासी बिजनौर को शहदरा दिल्ली से गिरफ्तार कर नाबालिग को बरामद कर लिया गया है। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

## गैस एजेन्सी में डीलरशिप दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार



हमारे संवाददाता

देहरादून। एलपीजी गैस एजेन्सी में डीलरशिप दिलाने के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी करने वाले शातिर को पुलिस ने बिहार से गिरफ्तार कर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार बीते वर्ष सितम्बर माह में सुनील कुमार ने थाना जाजरदेवल में तहरीर देकर बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने ऑनलाइन मैसेज व फोन के माध्यम से उनको एलपीजी गैस एजेन्सी में डीलरशिप दिलाने की बात कहकर कुल 1,68,300 रूपये की ठगी अंजाम दिया गया है तथा अब उससे कोई सम्पर्क नही हो पा रहा और न ही वह पैसे लौटा रहा है।

तहरीर के आधार पर पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर आरोपी ठग की तलाश शूरू कर दी गयी। पुलिस टीम को साइबर सैल की मदद से ठगी के आरोपी शुभम कुमार पुत्र सोमदत्त कुमार निवासी कटारी गया बिहार की लोकेशन पता चली। जिसे पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है।

# निर्यात में भारत का चौका

वेद प्रताप वैदिक

भारत के लिए यह खुश खबर है कि इस साल भारत का निर्यात 400 बिलियन डालर से भी ज्यादा का हो गया है। भारत के अंतरराष्ट्रीय व्यापार का यह अब तक का सर्वोच्च प्रतिमान है। भारत ने इतना निर्यात पहले कभी नहीं किया। निर्यात का यह आंकड़ा सरकार ने तय जरुर किया था लेकिन उनको भी विश्वास नहीं था कि भारत इस ऊँचाई तक पहुंच जाएगा। इसके दो कारण थे। एक तो कोरोना महामारी और दूसरा विश्व बाजारों की शिथिलता। लेकिन इसके बावजूद भारत के माल को सारी दुनिया के बाजारों में पसंद किया गया और उन्हें जमकर खरीदा गया।

यूरोप में चल रहे रूस और यूक्रेन का युद्ध भी हमारे निर्यात की बढ़ोतरी में आड़े नहीं आया। 2018-19 के पिछले साल में भारत का निर्यात 330 बिलियन डॉलर का था। उसमें 21 प्रतिशत की वृद्धि हो गई। केंद्रीय व्यापार मंत्री पीयूष गोयल ने भारत के व्यापार-उद्योग में लगे लोगों की कार्यकुशलता, प्रामाणिकता और परिश्रम की जो प्रशंसा की है, वह उचित ही है। ठंडे बाजार और महामारी की वजह से अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कई चीजों की कीमतें घट गईं तो उनकी मात्रा बढ़ गई। बढ़ी हुई मात्रा ने पैसों की आवक भी बढ़ाई और मुनाफा भी। यह भी हुआ कि बाजारों और उत्पादन की विश्व-व्यापी शिथिलता के कारण कई चीजों की कमी हो गई तो उनकी कीमतें बढ़ गईं। जैसे मोटर के कल-पुर्जो, अनाज से बनी वस्तुएं, चावल, गलीचों और फलों के रस से भारत की आमदनी बढ़ गई। हमारा इंजीनियरी सामान सारी दुनिया में पसंद किया जाता है। उसकी बिक्री दुगुनी हो गई। बिजली के सामान का निर्यात 42 प्रतिशत बढ़ गया। जेवरात का निर्यात कूदकर 57.3 प्रतिशत बढ़ गया। पेट्रोलियम चीजें 147.6 प्रतिशत बढ़ गई। याने भारत चाहे तो अगले कुछ वर्षों में इन्हीं चीजों का निर्यात इतने बड़े पैमाने पर कर सकता है कि वह अमेरिका और चीन के नजदीक पहुंच सकता है।

अमेरिका और चीन से आगे निकलना तो आज असंभव लगता है। ये दुनिया के दो सबसे बड़े निर्यातक देश हैं। इनका निर्यात का आंकड़ा भारत से कई गुना बड़ा है। दोनों देश लगभग 2500 बिलियन डॉलर का निर्यात करते हैं। उनका आयात भी कहीं ज्यादा है। मंहगा बेचना और सस्ता खरीदना- यही उनकी समृद्धि का रहस्य है। भारत के लाखों प्रतिभाशाली लोग अमेरिका और यूरोपीय देशों को आर्थिक दृष्टि से समृद्ध बना रहे हैं। (आरएनएस)

# स्वास्थ्य के लिए जरूरी है हर रोज व्यायाम करना

हम सभी जानते हैं कि व्यायाम के बहुत सारे लाभ हैं, जिन्हें किसी के समग्र स्वास्थ्य के लिए आवश्यक माना जाता है। यह याददाश्त में सुधार करता है, बीमारियों से बचाता है और तनाव को कम करता है। वास्तव में, विशेषज्ञों के अनुसार, यह कई प्रकार की बीमारियों का मूल समाधान है। हालांकि लोग अच्छी शारीरिक फिटनेस बनाए रखने के लिए व्यायाम के लाभों से परिचित हैं, लेकिन कई लोग यौन स्वास्थ्य के लिए इसके महत्व से अवगत हैं।



शरीर के वजन को प्रबंधित करने के अलावा, व्यायाम स्वस्थ रक्त प्रवाह को बनाए रखता है, भावनात्मक स्वास्थ्य को मजबूत करता है, और नियमित व्यायाम यौन-बढ़ाने वाले मानसिक और शारीरिक लाभों की एक श्रृंखला प्रदान करता है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ के एक नए अध्ययन से पता चला है कि 43प्रति. महिलाओं और 31प्रति. पुरुषों को मोटापे और व्यायाम की कमी के कारण यौन रोग का सामना करना पड़ा।

इसलिए, नियमित व्यायाम में योगदान देकर कई सकारात्मक सेक्स संबंधी लाभ प्राप्त किए जा सकते हैं। तो, यहां कुछ पहलू दिए गए हैं जिनमें दैनिक व्यायाम आपके यौन स्वास्थ्य को प्रभावित करता है।

रक्त परिसंचरण को बढ़ावा दें :

व्यायाम के दौरान दिल की धड़कन तेज हो जाती है और पूरे शरीर में रक्त संचार बेहतर हो जाता है। यह आपको रक्तचाप, कोलेस्ट्रॉल आदि को कम करने में मदद करता है। नतीजतन, यौन अंगों में स्वस्थ रक्त प्रवाह द्वारा एक व्यक्ति के यौन स्वास्थ्य में सुधार होता है, जो यौन अनुभव को बढ़ाता है।

शरीर की छवि में सुधार :

यौन रूप से सक्रिय होना अक्सर एक सकारात्मक शरीर की छवि को निर्देशित कर सकता है जो एक महान कारक हो सकता है क्योंकि कथित आकर्षण की भावनाएं यौन संतुष्टि से संबंधित होती हैं। व्यायाम करने से आप अपने वांछित शरीर के आकार में होंगे, जिसके परिणामस्वरूप आप और आपके साथी में एक मजबूत ड्राइव होगी।

तनाव को कम करें :

हम जानते हैं कि शारीरिक गतिविधि एंडोर्फिन का उत्पादन करती है जिसे हैप्पी हार्मोन भी कहा जाता है। ये दर्द को रोकने और आनंद को बढ़ावा देने के लिए जिम्मेदार हैं। इसलिए, यदि आप अधिक खुश हैं, तो यह आपकी सेक्स ड्राइव को प्रभावित करेगा। संक्षेप में कहें तो तनाव से निपटने के दौरान व्यायाम से आपकी सेक्स लाइफ भी बेहतर होगी।

यौन रोग को कम करें :

नियमित रूप से व्यायाम करने से पुरुषों और महिलाओं दोनों में यौन रोग को कम किया जा सकता है। बेहतर हृदय स्वास्थ्य, सहनशक्ति और लंबी उम्र आपको और आपके साथी को अत्यधिक संतुष्टि दे सकती है।(आरएनएस)

# रोज-ब-रोज बढ़ती मुश्किलें

देश में लोगों ने बाहर के खाने, ईंधन और यहां तक कि सब्जियों में भी कटौती करनी शुरू कर दी है। कारण महंगाई के कारण घर का खर्च बढ़ जाना है। भारत में कंपनियां अपनी बढ़ती लागत को आम उपभोक्तों से वसूल रही हैं। अब पेट्रोल और डीजल की कीमतों में पांच महीनों के बाद फिर वृद्धि होने लगी है।

कोरोना महामारी से उबर रही भारतीय अर्थव्यवस्था पर नई मार पड़ी है। एक बार फिर महंगाई ने झटका दिया है। उसका असर हर आम रसोईघर पर दिख रहा है। ये मीडिया रिपोर्टें परेशान करने वाली हैं कि देश में लोगों ने बाहर के खाने, ईंधन और यहां तक कि सब्जियों में भी कटौती करनी शुरू कर दी है। कारण महंगाई के कारण घर का खर्च बढ़ जाना है। इन रिपोर्टों से यह सामने आया है कि भारत में कंपनियां अपनी बढ़ती लागत को आम उपभोक्तों से वसूल रही हैं। अब हाल ही में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में पांच महीनों के बाद फिर वृद्धि होने लगी है। जबकि पहले से ही खाने के तेल के दाम भी आसमान छू रहे हैं। अब यह भी सामने आया है कि बीते अक्टूबर से दिसंबर की तिमाही के बीच भारत की अर्थव्यवस्था में वृद्धि की रफ्तार उतनी तेज नहीं रही, जितनी कि उम्मीद की जा रही थी। अब अर्थशास्त्रियों ने आशंका जाहिर की है कि तेल की बढ़ी हुई कीमतों का असर मौजूदा रफ्तार पर पड़ेगा, क्योंकि इसके कारण महंगाई बढ़ रही है। दूध कंपनियां मदर डेयरी और अमूल भी दाम बढ़ा चुकी हैं। हिंदुस्तान यूनिलीवर और नेस्ले ने नूडल, चाय और कॉफी के दाम बढ़ा दिए हैं। जाहिर है, आम लोगों के लिए घर का बजट संभालना बहुत मुश्किल हो गया है। ऐसे में खरीदारी घटाने की मजबूरी सामने आ गई है। भारत के कुल घरेलू उत्पाद में व्यक्तिगत उपभोग का हिस्सा लगभग 60 प्रतिशत है। 24 फरवरी को यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद भारतीय कंपनियों ने दूध, नूडल, चिकन और अन्य सामोनों के दाम पांच से 20 प्रतिशत तक बढ़ाए हैं। नतीजतन, 2022 लगातार तीसरा साल ऐसा हो सकता है, जब परिवारों का बजट तंग होगा। गौरतलब है कि भारत में पाम ऑयल सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाला खाने का तेल है। इस साल उसकी कीमतें 45 प्रतिशत तक बढ़ चुकी हैं। सूरजमुखी के तेल की सप्लाई प्रभावित होने से भी बाजार पर असर पड़ा है। थोक व्यापारियों का कहना है कि पिछले एक महीने में दाम बढ़ने के साथ-साथ खाने के तेलों की बिक्री में लगभग एक चौथाई की कमी आ चुकी है। (आरएनएस)

# रसिका दुग्गल ने पूरी की लॉर्ड कर्जन की हवेली की शूटिंग

मिर्जापुर, दिल्ली क्राइम और मंटो में अपने काम के लिए पहचानी जाने वाली एक्ट्रेस रसिका दुग्गल ने हाल ही में यूके में अपनी अपकमिंग फिल्म लॉर्ड कर्जन की हवेली की शूटिंग पूरी की है।

वह फिल्म की शूटिंग के लिए 15 दिनों के लिए यूके में थीं, जिसमें उनके साथ अभिनेता अर्जुन माथुर मुख्य भूमिका में हैं।

हालाँकि, लॉर्ड कर्जन की हवेली में उनकी भूमिका के बारे में अभी बहुत कुछ सामने नहीं आया है, लेकिन फिल्म की शूटिंग से उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर जो वीडियो और तस्वीरें साझा की हैं, उन्होंने दर्शकों की रुचि को बढ़ा दिया है।

रसिका ने टिप्पणी करते हुए कहा कि फिल्म की शूटिंग के माध्यम से, उन्हें अपने छात्रावास के दिनों को फिर से जीने का मौका मिला।

उन्होंने साझा किया कि यह फिल्म प्रदर्शन पर बहुत अधिक निर्भर करती है और उस तरह की चुनौती एक अभिनेता के लिए एक खुशी की बात है। फिल्म में मेरे चरित्र की इतनी परतें हैं कि मुझे कभी-कभी लगता है कि मैंने एक ही फिल्म के भीतर कई शैलियों का पता लगाया है।

इसके अलावा, रसिका स्पाइक नामक एक सीरीज में भी दिखाई देंगी, जिसके लिए उन्होंने हिमाचल प्रदेश के पालमपुर में शूटिंग की थी। वह दिल्ली क्राइम सीजन 2 की रिलीज का भी इंतजार कर रही हैं।

## शब्द सामर्थ्य - 83

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं :**

1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सूनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गौरेया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संस्था 26. हत्या, कत्ल.

**ऊपर से नीचे**

1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | | 3 | 4 | ■ | ■ |
| | ■ | 5 | | ■ | 6 | | 7 | ■ |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | | ■ | 11 | |
| ■ | 12 | | ■ | 13 | | 14 | ■ | ■ |
| ■ | 15 | | | ■ | ■ | 16 | 17 | |
| ■ | 18 | | ■ | 19 | | | | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 20 | | ■ | 21 | | ■ |
| ■ | 22 | | | | | | ■ | 23 |
| 24 | | ■ | 25 | | ■ | ■ | 26 | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 82 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वा | द | ■ | सा | म | ना | ■ | कै | दी |
| व | ■ | ख | ल | ना | य | क | ■ | वा |
| लं | प | ट | ■ | ना | क | क | ट | ना |
| बी | ■ | प | ■ | ■ | ■ | ड़ी | ■ | प |
| ■ | अ | ट | प | टा | ■ | ■ | शा | न |
| स | ह | ■ | यो | ■ | ■ | र | ति | ■ |
| ह | म | ■ | द | र | ब | द | र | ■ |
| म | क | र | ■ | सी | ल | ■ | ■ | ■ |
| त | ■ | क्षा | ■ | द | वा | खा | ना | ■ |


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

-प्रबंधक विज्ञापन

# बी. ए. पास के बाद जल्द ही रिलीज की जाएगी एम. ए. पास, सामने आया पोस्टर

आज से 10 वर्ष पूर्व यानी वर्ष 2012 में रिलीज हुई निर्माता नरेंद्र सिंह की फिल्म 'बी. ए. पास' ने बोल्ड विषयों पर बनने वाली मूवीज में अपना एक खास स्थान बनाया था. आज भी उस मूवी को कहानी कहने के अलग अंदाज के लिए याद किया जा रहा है. मूवी 'बी. ए. पास' की सफलता के उपरांत निर्माता ने 'बी. ए. पास 2' बनाया जो कि 2017 में रिलीज़ की गई थी, वो फिल्म एक ऐसी लड़की की कहानी थी जो अपने लक्ष्य को पाने के लिए और विवाह करने से बचने के लिए कुछ गलत निर्णय लेती है और बुरी आदतों का शिकार होकर अपनी जिंदगी को पूरी रहा से तबाह कर लेती है. दोनों मूवी की कामयाबी के उपरांत निर्माता नरेंद्र सिंह अब 'एम. ए. पास- सरकारी नौकरी' लेकर आ रहे हैं और इस मूवी का निर्देशन अक्षय कुमार कर रहे हैं.

उल्लेखनीय है कि 'बी. ए. पास' के उलट 'एम. ए. पास- सरकारी नौकरी' में कॉमेडी भी होने वाली है जिसे कुछ इस तरह से बनाया गया है कि ये मूवी लोगों के दिलों को छूने वाली है. 'एम. ए. पास- सरकारी नौकरी' के बारे में निर्देशक अक्षय कुमार का बोलना है कि, इस फिल्म की शूटिंग का अनुभव बहुत शानदार रहा है. जिसके पूर्व बनी दोनों मूवी को दर्शकों ने बहुत पसंद किया और अब ऐसे में जिसकी अगली कड़ी को बनाना अपने आप में किसी चुनौती से कम नहीं रहा. लेकिन मैं लोगों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि 'एम. ए. पास- सरकारी नौकरी' में दर्शकों को एक बहुत नई कहानी देखने को मिलेगी जिसे एक अलग ही अंदाज में पेश किया जाने वाला है. मुझे इस फिल्म के रिलीज होने और दर्शकों की ओर से मिलने वाले प्यार का बेसब्री से प्रतीक्षा कर रहे है.

मूवी में एक महत्वपूर्ण किरदार निभा रहीं मुस्कान मेहता ने इस बारें में बोला है कि, एम. ए. पास- सरकारी नौकरी में काम करना मेरे लिए एक बहुत अलहदा किस्म का अनुभव था. ये फिल्म भावनाओं, दुखी व खुश करने वाले पलों और ड्रामा से भरपूर है और यही वजह है कि ये मेरे दिल के बहुत क्लोज है. एक उम्दा टीम ने एक परिवार की तरह मिल-जुलकर एक उम्दा फिल्म बनाने का प्रयास भी किया है. मुझे पूरी उम्मीद है कि दर्शकों को ये फिल्म बेहद पसंद आएगी और मुझे और इस फिल्म को उनका भरपूर प्यार मिलने वाला है.

फिल्म के मुख्य अभिनेता सनी सचदेवा ने कहा है कि, मुझे 'एम. ए. पास- सरकारी नौकरी' के बारे में बताते हुए बहुत खुशी हो रही है. फिल्मीबॉक्स प्रोडक्शन के साथ ये मेरी तीसरी मूवी है. एक ही बैनर तले एक और मूवी में काम करने का मेरा ये अनुभव ठीक वैसा ही है जैसा आप कहीं से घर वापस आने के उपरांत परिवार वालों से फिर से मिलने के लिए होता है. इस मूवी के बारे में सुनते ही लोग फौरन इस फिल्म को 'बी. ए. पास' से जोड़कर देखने वाले है. ऐसे में हम इस बार एक बेहद अलग कहानी के साथ लोगों को चौंकाने के लिए तैयार हैं.

# तेजस्वी प्रकाश ने ठुकराया टी-सीरीज की फिल्म का प्रस्ताव ?

बिग बॉस 15 की विजेता बनने के बाद अभिनेत्री तेजस्वी प्रकाश की लोकप्रियता टीवी तक सीमित नहीं रही। वह देशभर में लोकप्रिय हो चुकी हैं। जहां एक तरफ वह अभिनेता करण कुंद्रा के साथ अपने रिश्ते को लेकर सुर्खियों में हैं, वहीं तेजस्वी अपनी पेशेवर जिंदगी को लेकर भी खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। खबर है कि हाल ही में वक्त ना होने के चलते उन्होंने एक बड़ी फिल्म ठुकरा दी।

रिपोर्ट के मुताबिक, तेजस्वी को हाल ही में एक फिल्म का प्रस्ताव मिला था। यह मौका उन्हें बॉलीवुड के बड़े प्रोडक्शन हाउस टी-सीरीज की तरफ से मिला था, लेकिन डेट्स ना होने की वजह से तेजस्वी ने फिल्म छोड़ने में गुरेज नहीं किया। एंटरटेनमेंट पोर्टल को टेलीविजन से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि फिल्म में तेजस्वी को एक शानदार किरदार ऑफर किया गया था, लेकिन नागिन 6 से जुड़े कमिटमेंट के चलते उन्होंने यह प्रस्ताव ठुकरा दिया।

तेजस्वी ने भले ही अभी बॉलीवुड में कदम नहीं रखा, लेकिन मराठी सिनेमा में वह अपनी शुरुआत कर चुकी हैं। उन्हें फिल्मों में ब्रेक रोहित शेट्टी की एक मराठी फिल्म स्कूल कॉलेज एनी लाइफ से मिला है, जो कि थिएटर में रिलीज होने के लिए तैयार है। उनकी दूसरी फिल्म है मन कस्तूरी रे। ये दोनों फिल्में पहले ही रिलीज हो जातीं, लेकिन तेजस्वी चाहती थीं कि बिग बॉस से आने के बाद ही उनकी फिल्में दर्शकों के बीच आएं।

टीवी जगत से कई अभिनेत्रियों ने फिल्मों का रुख किया है। मौनी रॉय, हिना खान, प्राची देसाई, अंकिता लोखंडे, राधिका मदान और मृणाल ठाकुर जैसी अभिनेत्रियां इस फेहरिस्त में शामिल हैं। टीवी अभिनेत्री माहिरा शर्मा पंजाबी सिनेमा से फिल्मों में अपना डेब्यू कर रही हैं।

तेजस्वी ने स्वरागिनी, पहरेदार पिया की, कर्ण संगिनी, और सिलसिला बदलते रिश्तों का जैसे कई टीवी शोज किए। वह स्टंट पर आधारित शो खतरों के खिलाड़ी 10 का हिस्सा भी थीं, लेकिन जो शोहरत उन्हें बिग बॉस से मिली, वो किसी शो से नहीं मिली। बिग बॉस के दौरान ही तेजस्वी को एकता कपूर के हिट शो नागिन 6 का प्रस्ताव मिला। शो का हिस्सा बनने के बाद सोशल मीडिया पर उनकी फैन फॉलोइंग में भी जबरदस्त इजाफा हुआ है। बिग बॉस 15 के घर पर ही तेजस्वी और करण कुंद्रा की दोस्ती हुई और दोनों के बीच प्यार परवान चढ़ा। अब चर्चा है कि वे जल्द ही सात फेरे लेंगे।

# फिल्म सेल्फी में नुसरत भरूचा और डायना पेंटी की एंट्री



अक्षय कुमार और इमरान हाशमी पिछले काफी समय से कॉमेडी ड्रामा फिल्म सेल्फी को लेकर सुर्खियों में हैं। जब से उनकी इस फिल्म की घोषणा हुई है, तभी से दर्शकों के जहन में यह सवाल उठ रहा था कि इसमें दोनों की जोड़ी किसके साथ बनेगी। फिल्म के लिए अभिनेत्रियों की तलाश जोरों पर थी, जो अब आखिरकार खत्म हो गई है। अक्षय और अजय को हीरोइन मिल गई है। अक्षय ने ट्विटर पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें उनके साथ इमरान हाशमी, नुसरत भरूचा और डायना पेंटी कार की बैक सीट पर बैठी नजर आ रही हैं। उन सभी के हाथ में फिल्म की कहानी है। सभी सेल्फी के गाने पर डांस करते दिख रहे हैं। अक्षय ने इसके साथ लिखा, नुसरत भरूचा और डायना पेंटी के शामिल होने से सेल्फी दस्ता पूरे जोश में है। क्या कहते हो इमरान हाशमी, हो जाए मुकाबला?

इस फिल्म के जरिए डायना पहली बार अपने करियर में अक्षय और इमरान के साथ काम करने जा रही हैं, वहीं सेल्फी अक्षय के साथ नुसरत की दूसरी फिल्म होगी। इससे पहले दोनों फिल्म राम सेतु में साथ काम कर चुके हैं।

यह फिल्म राज मेहता के निर्देशन में बन रही है, जिनके निर्देशन में बनी फिल्म गुड न्यूज में भी अक्षय नजर आए थे। सेल्फी को करण जौहर और पृथ्वीराज सुकुमारन मिलकर बना रहे हैं। इस साल की शुरुआत में ही अक्षय और इमरान ने सेल्फी से अपना लुक शेयर कर इसकी शूटिंग शुरू होने की जानकारी दी थी। दोनों अलग-अलग हाईवे पर सेल्फी लेते दिख रहे थे। सेल्फी 2019 में आई मलयालम फिल्म ड्राइविंग लाइसेंस का हिंदी रीमेक है।

ड्राइविंग लाइसेंस की कहानी एक पुलिस वाले और सुपरस्टार पर आधारित है। पुलिसवाला, सुपरस्टार का प्रशंसक होता है, लेकिन जब स्टार, पुलिस वाले और उसके परिवार के साथ तस्वीर लेने से इनकार करता है तो दोनों आपस में भिड़ जाते हैं। फिल्म में पृथ्वीराज ने एक फिल्म सुपरस्टार की भूमिका निभाई थी, जबकि सूरज वेंजारामूडु ने पुलिसवाले का किरदार निभाया था। अब सेल्फी में अक्षय सुपरस्टार और इमरान पुलिस की वर्दी में दिखने वाले हैं।

# सूर्या की इस मूवी के हिंदी रीमेक में नजर आएंगे अक्षय कुमार और राधिका मदान

साउथ इंडस्ट्री के फेमस अभिनेता सूर्या स्टारर सोराई पोटरु 12 नवंबर 2020 के दिन रिलीज की जा चुकी है। इस मूवी ने तमिल ऑडियंस का दिल जीत लिया था। मूवी कि जबरदस्त सफलता के उपरांत से ही कई डायरेक्टर्स की इसके हिंदी रीमेक बनाने पर पैनी निगाह थी। रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म के हिंदी रीमेक में अक्षय कुमार लीड रोल में नज़र आने वाले है। वहीं अब जो रिपोर्ट्स सामने आई है उनके मुताबिक इस मूवी में अक्षय कुमार के अपोजिट राधिका मदान की एंट्री होती नज़र आ रही है।

रिपोर्ट्स में इस बात का खुलासा हुआ है कि राधिका मदान सूर्या स्टारर सोरारई पोटरु के हिंदी रीमेक में अक्षय कुमार के साथ ऑनस्क्रीन स्पेस साझा करने वाले है। मूवी में राधिका साउथ अभिनेत्री अपर्णा बालमुरली के किरदार को निभाती दिखाई देने वाली है। कहा जा रहा है कि फिल्म इस समय प्री-प्रोडक्शन स्टेज में है। मूवी के डायरेक्टर सुधा कोंगरा ने इसे वेस्टर्न इंडिया में सेट किया जा चुका है।

रिपोर्ट में यह भी बोला गया है कि राधिका महाराष्ट्र की एक महिला की भूमिका निभाने वाली है। इस मूवी के शुरू होने से पहले अभिनेत्री को वहां की भाषा बोली भी सीखनी होने वाली है। हालांकि दोनों स्टार्स ने अभी तक मूवी साइन अब तक नहीं की है। मेकर्स जल्द ही मूवी पर काम शुरू करने के लिए तैयार हैं। सूररई पोटरु एयर डेक्कन के फाउंडर जीआर गोपीनाथ के जीवन पर आधारित है, जिन्होंने आम आदमी के लिए हवाई यात्रा को सिंपल और किफायती बना दिया था। राधिका मदान के वर्कफ्रंट के बारें में बात की जाए तो अभिनेत्री जल्द ही मूवी कुत्ते में दिखाई देने वाली है। मूवी का निर्देशन विशाल भारद्वाज के बेटे आसमान भारद्वाज कर रहे हैं। जिसमे अर्जुन कपूर, नसीरुद्दीन शाह, कोंकणा सेन शर्मा, कुमुद मिश्रा और शार्दुल भारद्वाज भी लीड रोल में दिखाई देने वाले है। वहीं दूसरी ओर अक्षय कुमार के पास भी राम सेतु, सेल्फी, पृथ्वीराज, रक्षाबंधन और गोरखा जैसी कई मूवी हैं।

# प्रकाश झा की आश्रम 3 में फिर दिखेंगे छिछोरे फेम तुषार पांडे

तुषार पांडे बॉलीवुड के उभरते हुए अभिनेता हैं। उन्हें दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की फिल्म छिछोरे से पहचान मिली। उन्होंने फिल्म में सुंदर श्रीवास्तव का किरदार निभाया था, जिसका निक नेक मम्मी था। अब तुषार के फैंस के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है। वह बहुत जल्द वेब सीरीज आश्रम 3 में नजर आने वाले हैं। इस सीरीज का निर्देशन प्रकाश झा कर रहे हैं। बता दें कि तुषार पहले भी आश्रम फ्रेंचाइजी में दिख चुके हैं।

तुषार ने आश्रम 3 के साथ जुड़ने की जानकारी दी है। इस सीरीज को लेकर उन्होंने कहा, प्रकाश जैसे समृद्ध फिल्ममेकर के साथ काम करने का अनुभव अद्भुत रहा है। वह सेट पर जिस तरह का कम्फर्ट देते हैं, वह अच्छा है। वह एक ऐसे निर्देशक हैं जो अभिनय भी करते हैं, इसलिए वह अभिनेता के मानस को समझते हैं। कहानी कहने का उनका एक निश्चित दृष्टिकोण होता है।

तुषार ने ओटीटी प्लेटफॉर्म को लेकर भी अपनी बात रखी है। उनका मानना है कि महामारी में ओटीटी ने कई कलाकारों को बेहतर मंच प्रदान किया है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि लोगों ने भी महामारी में ओटीटी के प्रति अपना रुझान दिखाया है। जब वे घरों में होते थे, तो कुछ देखना चाहते थे। सामान्य धारणा अब बदल गई है और लोगों ने इसमें विश्वसनीयता दिखाना शुरू कर दिया है।

आश्रम में तुषार ने पम्मी के भाई सत्ती का किरदार निभाया था। बॉबी देओल ने आश्रम में काशीपुरवाले बाबा निराला का किरदार निभाया था, जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया था। इसमें चंदन रॉय सानयाल, अदिति पोहंकर, दर्शन कुमार, अनुप्रिया गोइंका, सचिन श्रॉफ, त्रिधा चतुर्वेदी और अध्ययन सुमन जैसे कलाकार दिखे हैं। 2020 में एक ही साल में इस सीरीज के दोनों सीजन रिलीज हुए थे। पहले और दूसरे सीजन की कहानी एक-दूसरे से जुड़ी हुई थी।

इस सीरीज को लेकर कई बार विवाद हुआ है। सीरीज पर लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत करने के लिए जोधपुर में बॉबी और प्रकाश झा के खिलाफ मामला दर्ज करवाया गया था। नवंबर, 2020 में श्री राजपूत करणी सेना ने भी इस पर आपत्ति जताते हुए प्रकाश और एमएक्स प्लेयर को नोटिस भेजा था। लोगों का कहना था कि मेकर्स ने पाखंडी बाबाओं के कंधे पर बंदूक रखकर हिन्दुओं की श्रद्धा का मजाक बनाया है।

तुषार अनिरुद्ध रॉय चौधरी की आगामी फिल्म लॉस्ट भी दिखाई देंगे। इस फिल्म में यामी गौतम मुख्य भूमिका निभा रही हैं। फिल्म में वह क्राइम रिपोर्टर का रोल करेंगी। फिल्म में नील भूपलम और पिया बाजपेयी भी शामिल हैं। इसका निर्माण जी स्टूडियोज और नम: पिक्चर्स मिलकर कर रही है। इस थ्रिलर फिल्म के लेखक हैं श्यामल सेन गुप्ता और रितेश शाह। अनिरुद्ध ने इससे पहले मिनी सीरीज फॉरबिडन लव का निर्देशन किया था।

# भाजपा को हराना कैसे मुमकिन ?

अजीत द्विवेदी

पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजों के बाद दो अलग अलग इंटरव्यू में चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने कहा कि भाजपा को हराना नामुमकिन नहीं है। उन्होंने सीएनएन-आईबीएन और दैनिक भास्कर को दिए इंटरव्यू में यह दावा किया और कई तरह के आंकड़े भी दिए। उन्होंने चुनाव नतीजों के बाद एक ट्विट करके कहा था कि राज्यों के चुनाव नतीजों से लोकसभा चुनाव के नतीजे तय नहीं होते हैं और 2024 का चुनाव 2024 में ही लड़ा जाएगा। वह देश का चुनाव होगा। उनकी बातों के तीन निष्कर्ष बहुत स्पष्ट हैं। पहला, राज्यों के चुनाव से लोकसभा के नतीजे तय नहीं होते। दूसरा, आधे हिंदू अब भी भाजपा के खिलाफ वोट डालते हैं और तीसरा, देश के बड़े हिस्से में अब भी भाजपा का कोई आधार नहीं है। ये तीनों बातें सही हैं फिर भी भाजपा को हराना कैसे मुमकिन होगा?

सबसे पहले इस पर विचार करें कि विधानसभा और लोकसभा के चुनाव अलग अलग होते हैं और राज्यों के चुनाव नतीजों से लोकसभा के नतीजे तय नहीं होते। इस बात के समर्थन में प्रशांत किशोर और विपक्ष के दूसरे नेता भी जो तर्क दे रहे हैं वह तर्क असल में सिर के बल खड़ा है। जैसे कहा जा रहा है कि 2018 के अंत में राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ तीनों राज्यों में भाजपा हार गई लेकिन पांच महीने बाद ही लोकसभा चुनाव में इन तीन राज्यों की 65 में से 63 लोकसभा सीटें भाजपा जीत गई। इसी तरह 2016 में पश्चिम बंगाल में भाजपा को विधानसभा की तीन सीटें मिली थीं लेकिन 2019 में लोकसभा की 18 सीटें जीत गई। ऐसे ही झारखंड में लोकसभा की 14 में से 12 सीटें जीतीं पर उसी साल विधानसभा का चुनाव हार गई। ऐसे कई राज्यों की मिसालें दी जा सकती हैं। लेकिन इस तर्क से तो यही प्रमाणित होता है कि राज्य में भले भाजपा हार जाए पर लोकसभा चुनाव में नहीं हारती है।

इसमें किसी मिसाल से यह प्रमाणित नहीं होता है कि भाजपा राज्य में जीत गई और लोकसभा हार गई। ऐसा किसी राज्य में नहीं हुआ है। अपवाद के तौर पर भी किसी राज्य में ऐसा नहीं हुआ है। हां, कई राज्यों में विधानसभा चुनाव भाजपा जरूर हारी लेकिन उन राज्यों में भी लोकसभा में बड़ी जीत हासिल की। सोचें, अगर राज्यों में हारने के बाद भी भाजपा लोकसभा जीत जाती है तो जिन राज्यों में विधानसभा में भी जीत रही है वहां लोकसभा का चुनाव कैसे हारेगी? विधानसभा में हारने के बाद भी लोकसभा में भाजपा के जीतने का अर्थ यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके नेतृत्व वाली केंद्र सरकार से लोगों का मोहभंग नहीं हुआ है। अभी जिन चार राज्यों में भाजपा जीती है उनमें भी चुनाव से पहले यह सर्वेक्षण सामने आया था कि राज्यों की सरकारों के मुकाबले केंद्र सरकार के कामकाज के प्रति इन राज्यों के लोगों में दो से छह गुना तक ज्यादा संतुष्टि का भाव था। यानी राज्य सरकार से नाराज लोग भी केंद्र के कामकाज से खुश और संतुष्ट थे।

दूसरा तर्क है कि आधे हिंदू अब भी भाजपा के खिलाफ वोट डाल रहे हैं। इसका मतलब है कि आधे हिंदू भाजपा के समर्थन में वोट कर रहे हैं। अगर देश में 80 फीसदी हिंदू मतदाता हैं और उसका 50 फीसदी भाजपा को वोट करता है तो इसका मतलब है कि कुल मतदान का 40 फीसदी भाजपा को मिलेगा। पूर्ण बहुमत से चुनाव जीतने के लिए इससे ज्यादा वोट की जरूरत ही नहीं है। सवाल है कि 50 फीसदी हिंदू भाजपा को वोट न करे वह किन परिस्थितियों में संभव होगा? ऐसी क्या स्थिति बनेगी कि 50 फीसदी हिंदू भी नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा को वोट न करे? सो, एक स्थिति यह है कि अगर 50 फीसदी हिंदू भाजपा को वोट न करे तो वह हार सकती है। दूसरी स्थिति यह है कि भाजपा को मिलने वाले 40 फीसदी वोट के बरक्स बाकी 60 फीसदी वोट एकमुश्त किसी एक पार्टी या गठबंधन को मिले। क्या ऐसी कोई स्थिति अगले दो साल में बन सकती है? इतिहास में विपक्ष दो बार एकजुट होकर लड़ा है और दोनों बार वांछित नतीजे निकले हैं। लेकिन अभी के हालात में क्या ऐसा हो पाएगा?

तीसरा तर्क देश के बड़े क्षेत्र में भाजपा का आधार नहीं होने का है। यह तर्क भी अपनी जगह सही है। पश्चिम बंगाल, ओड़िशा, बिहार, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु और केरल यानी पूर्वी और दक्षिण भारत के सात राज्यों की 206 लोकसभा सीटों में से भाजपा के पास 50 सीटें नहीं हैं। यानी उसका कुल चुनाव बचे हुए भारत की करीब 340 सीटों में होता है। इन 340 सीटों में से वह ढाई सौ यानी करीब 75 फीसदी सीटें जीतती है। अगर इन राज्यों में भाजपा को अपनी जीती हुई ढाई सौ सीटों में से 25 फीसदी सीटों का भी नुकसान हो जाए तो वह बहुमत से काफी नीचे आ जाएगी। लेकिन ऐसा कैसे होगा? पूर्वी और दक्षिणी भारत में भाजपा का आधार कमजोर है और उन राज्यों में उसे और भी नुकसान हो सकता है। लेकिन बचे हुए भारत के ज्यादातर राज्यों में उसका सीधा मुकाबला कांग्रेस से है। सो, कांग्रेस के मजबूत हुए बगैर या कांग्रेस के प्रति लोगों की धारणा बदले बगैर भाजपा को कैसे हराया जा सकेगा? विपक्षी पार्टियां कांग्रेस को लेकर जिस तरह का रुख दिखा रही हैं उससे तो लग नहीं रहा है कि वे कांग्रेस को मजबूत देखना चाहती हैं। आखिर तृणमूल कांग्रेस ने गोवा में चुनाव लड़ कर कांग्रेस की जीत की संभावना खत्म की। असम से लेकर समूचे पूर्वोत्तर में वह कांग्रेस को खत्म करने में लगी है।

सो, दो फैक्टर मुख्य हैं। पहला, कांग्रेस कैसे मजबूत होगी? कांग्रेस कमजोर रही तो हिंदी पट्टी के बड़े हिस्से में भाजपा को रोकना मुश्किल होगा। ऐसा नहीं हो सकता है कि ममता बनर्जी या चंद्रशेखर राव, जगन मोहन, स्टालिन या यहां तक कि शरद पवार और नीतीश कुमार की पार्टी भी मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल आदि राज्यों में आकर चुनाव लड़ें और भाजपा को टक्कर दे। दूसरा फैक्टर है कि मोदी मैजिक कैसे कम होगा। कम से कम अभी इसका कोई कारण नहीं दिख रहा है। भयंकर महंगाई, बेरोजगारी और कोरोना कुप्रबंधन के कारण राज्य सरकारों से नाराजगी के बावजूद जब लोगों ने मोदी के नाम पर राज्यों में वोट किया है तो इसका क्या कारण है कि वे दो साल बाद खुद मोदी को वोट नहीं करेंगे? मुफ्त अनाज का सदावर्त आगे भी चलता रहेगा और हिंदू-मुस्लिम की राजनीति चलती रहेगी फिर विपक्ष कौन सा जादू चलाएगा कि लोगों का मोदी से मोहभंग हो जाए? यह यक्ष प्रश्न है। इस यक्ष प्रश्न का अभी जो उत्तर मिल रहा है उसमें कई अगर-मगर हैं। जैसे महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी साथ लड़े और भाजपा को हरा दे, बंगाली अस्मिता के नाम पर ममता बनर्जी बंगाल में भाजपा को हरा दें, नीतीश कुमार साथ छोड़ दें और राजद के साथ मिल कर भाजपा को हरा दें, कर्नाटक में कांग्रेस-जेडीएस और झारखंड में कांग्रेस-जेएमएम मिल कर भाजपा को हरा दें, कांग्रेस और आप साथ लड़ें आदि-आदि। लेकिन अभी यह एक सदिच्छा से ज्यादा कुछ नहीं है।

## सू- दोकू क्र.83

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.82 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

## बॉयफ्रेंड से अलग हो गई श्रद्धा कपूर ?

एक तरफ श्रद्धा कपूर और रोहन श्रेष्ठ की शादी का प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं तो दूसरी तरफ अब जो खबर आ रही है, उससे बेशक इस जोड़ी के प्रशंसकों का दिल टूटने वाला है। दरअसल, श्रद्धा और रोहन की राहें अलग-अलग हो चुकी हैं। लगभग चार साल एक-दूसरे को डेट करने के बाद उनका ब्रेकअप हो गया है। हालांकि, पिछले दिनों दोनों के बीच नजदीकियों से गपशप गली गुलजार थी।


रिपोर्ट के मुताबिक, श्रद्धा और रोहन के रास्ते अब अलग हो गए हैं। रोहन के एक करीबी सूत्र ने बताया कि इस साल श्रद्धा ने अपना जन्मदिन गोवा में परिवार के साथ मनाया और रोहन फ्री होने के बावजूद इस सेलिब्रेशन का हिस्सा नहीं बने, जबकि वह इस खास दिन में श्रद्धा के साथ होते थे। जनवरी से ही दोनों के बीच कुछ ठीक नहीं चल रहा था। श्रद्धा और रोहन के बीच चीजें सुलझ नहीं रही थीं।

मतभेद बढ़ते देख श्रद्धा ने आखिरकार अपना यह रिश्ता खत्म करने का फैसला किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि फरवरी में उनका ब्रेकअप हो गया था। श्रद्धा से दूर होने के बाद खासतौर पर रोहन बेहद आहत हैं। अब इस खबर में कितनी सच्चाई है, यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा। हालांकि, श्रद्धा ने कभी रोहन के साथ अपने अफेयर की बात स्वीकार नहीं की। ऐसे में वह ब्रेकअप के बारे में कुछ कहेंगी, यह कहना मुश्किल है।

## वांग यी की यात्रा का असली अर्थ

वेद प्रताप वैदिक

चीनी विदेश मंत्री वांग यी की भारत-यात्रा बड़ी रहस्यमय है। इसका अर्थ निकालना आसान नहीं है। वे हमारे विदेश मंत्री जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित दोभाल से मिल चुके हैं। वे भारत अपनी मर्जी से आए हैं। उनको बुलावा नहीं दिया गया था। उन्होंने अपनी भारत-यात्रा की घोषणा भी नहीं की थी। वे इसी तरह काबुल भी पहुंच गए थे। काबुल में तालिबान के विदेश मंत्री और अफसरों से तो उनकी बात हुई ही, रूसी प्रतिनिधि काबुलोव से भी उनकी गिटपिट हुई।



अब वे श्रीलंका भी जाएंगे। ऐसा लगता है कि इस वक्त चीन अपनी छवि सुधारने में लगा हुआ है। कोरोना महामारी सारे संसार में फैलाने का जो दोष उसके माथे मढ़ा गया है, वह उसकी सफाई में जुटा हुआ है और अपनी महाशक्ति की छवि को चमकाने के लिए कृतसंकल्प है। वांग यी भारत इसलिए नहीं आए हैं कि भारत-चीन सीमांत विवाद शांत हो जाए। यदि वे इसलिए आए होते तो उस मुद्दे पर कोई ठोस प्रस्ताव लेकर आते लेकिन दोभाल और जयशंकर से हुई उनकी बातचीत से लगता है कि उनके भारत आने का खास उद्देश्य यही है कि 'ब्रिक्स' की अगली बैठक का कहीं हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बहिष्कार नहीं कर दें।

यदि मोदी ने बहिष्कार कर दिया तो चीन की नाक कट सकती है। इसीलिए जब जयशंकर और दोभाल ने सीमा का मुद्दा उठाया और कहा कि उसे हल किए बिना दोनों देशों के संबंध सहज नहीं हो सकते तो वांग ने कह दिया कि वे सहमत हैं और वे इस मुद्दे पर संवाद जारी रखेंगे। उन्होंने दोभाल को चीन आने का निमंत्रण भी दे दिया। यूक्रेन के मुद्दे पर चीन पूरी तरह से अमेरिका के विरोध में है लेकिन भारत की तरह वह तटस्थता का दिखावा भी कर रहा है। ऐसा लगता है कि अब रूस और चीन का एक गुट तथा अमेरिका, नाटो, आकुस और क्वाड का दूसरा गुट बनने जा रहा है। लेकिन भारत को काफी सावधान रहना है। उसे अमेरिका की फिसलपट्टी पर झेलेंस्की की तरह फिसल नहीं जाना है। उसे अपने पांव पर खड़े रहना है। इसीलिए दोनों विदेश मंत्रियों ने युद्ध को रोकने और राष्ट्रीय संप्रभुताओं की रक्षा की बात को दोहराया। वांग यी ने इस्लामाबाद में कश्मीर पर जो कुछ कहा, उस पर भी आपत्ति की गई लेकिन वांग ने कहा कि दुनिया की ज्यादातर समस्याओं पर भारत और चीन का नजरिया एक-जैसा है। यदि वे मिलकर परस्पर सहयोग करें तो दोनों देशों के लिए यह बहुत लाभदायक होगा। चीनी राष्ट्रपति शी चिन फिंग और वांग यी जो कह रहे हैं, यदि वे सचमुच उसका पालन करें तो यह सदी एशिया की सदी बन सकती है।

# गुरु अमरदास जी के गुरतागद्दी दिवस पर नई पालकी की स्थापना की

संवाददाता

देहरादून। श्री गुरू अमरदासी जी के गुरतागद्दी दिवस के उपलक्ष्य पर नई पालकी साहिब की स्थापना की गयी।

आज यहां श्री गुरु अमरदास जी के गुरतागद्दी दिवस के उलक्ष्य में गुरुद्वारा श्री गुरु कलगीधर सेवक सभा त्यागी रोड पर नई पालकी साहिब की स्थापना कर गुरतागद्दी दिवस श्रद्धा पूर्वक कथा -कीर्तन के रूप में मना कर गुरु महाराज जी का शुकराना किया गया। प्रात: रखे गये श्री अखण्ड पाठ साहिब के भोग डालने के पश्चात हजूरी रागी भाई जगजीत सिंह ने आरती का गायन कर शब्द 'भले अमरदास गुण तेरे तेरी उपमा तोहे बन आई' का गायन किया। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के हैड ग्रंथी भाई शमशेर सिंह ने कहा कि गुरु अमरदास जी को मार्च 1552 को गुरगद्दी पर विराजमान हुए थे, गुरु जी ने पहले पंगत पीछे संगत को कायम किया, गुरु साहिब ने सत्ती प्रथा को खत्म किया, जात पात को खत्म करने के लिये बाउली एवं कुएँ लगवाये। भाई देविंदर सिंह जी सोढ़ी लुधियाना वालों ने शब्द 'जा तूँ मेरे वल हैँ ता क्या मुँह छंदा' एवं 'सब पकड़ो चरण गोविन्द के छाडो जंजाला' का गायन कर संगत को निहाल किया। इस अवसर पर पालकी साहिब कि सेवा करने वाले सरदार अमनदीप सिंह, नरेंदर सिंह, इंदरजीत सिंह हरपाल सिंह बजाज, जगमिंदर सिंह छाबड़ा, देविंदर सिंह मान, बीबी रवलीन कौर, मंजीत सिंह, परमजीत सिंह सिद्धू, करतार सिंह, रणजीत सिंह अरोड़ा, जितेंदर सिंह, मनविंदर सिंह एवं सेवा सिंह मठारु आदि उपस्थित थे।

# लाखों की धोखाधड़ी करने वाला साइबर ठग गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

चमोली। ऑक्सीजन सीएसपी दिलवाने के नाम पर लाखों रूपये की साइबर ठगी करने वाले शातिर को पुलिस ने मुंगेर (बिहार) से गिरफ्तार कर लिया है। जिसे स्थानीय न्यायालय में पेश कर उत्तराखण्ड लाया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार बीती 10 जनवरी को लक्ष्मण सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह, निवासी पगना,घाट चमोली द्वारा कोतवाली चमोली पर तहरीर देकर बताया गया कि माई ऑक्सीजन कम्पनी की वेबसाईट पर मेरे द्वारा सीएसपी कस्टमर सर्विस पॉइंट के लिए रजिस्ट्रेशन किया गया था। बताया कि बीते वर्ष दिसम्बर माह की 21 तारीख को मुझे एक फोन आया था तथा मेरे से सीएसपी लेनें के लिए और रजिस्ट्रेशन व सिक्योरिटी मनी के रुप नें अलग अलग खातों में 1,49,400 लाख रूपये की धोखाधड़ी की गयी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी ठग की तलाश शुरू कर दी गयी। ठग की तलाश में जुटी पुलिस टीम ने सर्विलांस सैल द्वारा दी गई सूचना व तीन बैंक खातों की केवाईसी की जानकारी के आधार पर जिला मुंगेर बिहार पहुंच कर खाता धारक व मोबाइल नंबर की जानकारी के आधार पर प्रकाश में आये नन्दुकुमार पुत्र रामबहादुर पासवान निवासी बौखड़ा जिला मुंगेर (बिहार) को उसके घर से हिरासत में ले लिया गया। स्थानीय थाने धरहरा लाकर की गयी पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल किया। जिस पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर स्थानीय न्यायालय में पेश किया जहां से ट्रांजिट रिमाण्ड प्राप्त कर उसे उत्तराखण्ड लाया जा रहा है।

# जानलेवा हमले में तीन नामजद

संवाददाता

देहरादून। जान से मारने के प्रयास करने के मामले में पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रोहाना कला मुजफ्फरनगर हाल निवासी माजरा अखिल कुमार त्यागी ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि 28 फरवरी को हरीश चौहान जोकि ठेकेदारी का काम करता है ने उसको पुरकुल गांव बुलाया था। वह उसके कहने पर पुरकुल गांव पहुंचा तो वहां पर पहले से ही हरीश के दो अन्य साथी मनोज व मुन्ना भी मौजूद थे। कुछ देर बाद हरीश उसके साथ गाली गलौच करने लगा जिसका उसने विरोध किया तो तीनों ने उसको बेलचे व लकडी के फटों से मारना शुरू कर दिया। उसने बताया कि तीनों ने जान से मारने की नीयत से उसपर हमला कर उसको गम्भीर रूप से घायल कर दिया। किसी तरह से वह अपनी जान बचाकर वहां से भागा तथा दून चिकित्सालय में अपना मेडिकल कराकर वह राजपुर थाने गया जहां पर पुलिस ने उसका मुकदमा दर्ज नहीं किया तथा एनसीआर काटकर उसको दे दी। न्यायालय के आदेश पर राजपुर थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# राज्यपाल ने माता वैष्णो देवी गुफा योग मंदिर टपकेश्वर महादेव देहरादून में विधि विधान के साथ की पूजा अर्चना

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड गुरमीत सिंह और राज्य की प्रथम महिला गुरमीत कौर ने माता वैष्णो देवी गुफा योग मंदिर टपकेश्वर महादेव देहरादून में विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की। माता को नारियल और चुन्नी अर्पित कर राज्य की सुख शांति और समृद्धि की मंगल कामना की।

मंदिर के संस्थापक आध्यात्मिक गुरु आचार्य बिपिन जोशी ने महामहिम को माता की चुनरी, नारियल भेंट की और लेडी गवर्नर को पहाड़ की संस्कृति का प्रतीक pichoda भेंट किया, गवर्नर ने नवरात्रि पर माता के दर्शन को अपना सौभाग्य बताया।

राज्यपाल ने श्री टपकेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक किया। मंदिर के पुजारी भरत गिरी जी महाराज ने राज्यपाल को रूद्राक्ष माला और प्रसाद भेंट किया।



आज प्रातः विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर घट स्थापना की गई, दुर्गा सप्तशती पाठ के साथ साथ महिला भजन मंडली ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी, सायंकाल को विशेष श्रृंगार और आरती होगी। नीति माना घाटी कल्याण समिति द्वारा पारंपरिक वेशभूषा और पहाड़ के वाद्य यंत्रों के साथ पूरे टपकेश्वर मंदिर परिसर में मां नंदा की डोली शोभा यात्रा निकाली गई, नंदा माता की डोली पूरी नवरात्रि माता वैष्णो देवी गुफा योग मंदिर टपकेश्वर में प्रवास करेगी। आज के कार्यक्रम में डा०मथुरा दत्त जोशी, डा०मन सिंह राणा, भगवती जोशी, एडवोकेट तनुज जोशी, हर्षपति रयाल, दीपेन्द्र नौटियाल, गणेश बिजलवान, आदि का विशेष सहयोग रहा।

# हमारी सरकार सबका साथ-सबका विकास एवं सबका प्रयास के सिद्धांत पर कार्य करती आई है एवं करेगी: धामी

कार्यालय संवाददाता

देहरादून/चंपावत। दो दिवसीय चंपावत दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को टनकपुर के डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्रौद्योगिकी संस्थान में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग किया एवं कॉलेज का निरीक्षण किया। साथ ही लाइब्रेरी, कंप्यूटर लैब, क्लासरूम एवं छात्र छात्राओं द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का निरीक्षण किया।

जन संवाद कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री धामी ने विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित समस्याओं को सुना एवं उनके निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि हमारी सरकार सबका साथ सबका विकास एवं सबका प्रयास के सिद्धांत पर कार्य करती आई है एवं करेगी। इसी सिद्धांत पर कार्य करते हुए माननीय प्रधानमंत्री ने कोरोना काल में गरीब जनता को मुफ्त अनाज दिया एवं इस योजना को राज्य में सितंबर माह तक बढ़ा दिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा की टनकपुर बागेश्वर रेल लाइन पर कार्य करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है तथा इसके सर्वे के लिए २६ करोड़ रुपए भी जारी कर दिए गए हैं। गरीबों को ध्यान में रखते हुए योजनाओं का निर्माण किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारी सरकार समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को लाभ पहुंचाने पर कार्य कर रही है ।



उन्होंने कहा कि राज्य स्थापना के रजत जयंती के अवसर पर राज्य को देश का प्रत्येक क्षेत्र में नंबर वन राज्य बनाया जाएगा। पर्यटन को विकसित किया जाएगा। पर्यटकों को राज्य के प्रति आकर्षित करने के लिए पर्यटन का विकास किया जा रहा है ।

मुख्यमंत्री ने कहा जनता जनार्दन के आशीर्वाद से उन्हें जनता की सेवा करने का पुनः मौका मिला है। हमारे वादे के अनुसार हम यूनिफॉर्म सिविल कोड जल्द ही उत्तराखंड में लागू करेंगे। हमारी सरकार आने वाले समय में गरीब परिवारों हेतु १ वर्ष में ३ मुफ्त सिलेंडर देने पर कार्य करेगी। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद स्वास्थ्य विभाग ने बड़े स्तर पर वैक्सीनेशन किया इसके लिए उन्हें शुभकामनाएं। किच्छा में एम्स की शाखा खुले जाने से आसपास की जनता को इलाज में आने वाली परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। हमारी सरकार सड़कों के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में वृद्घावस्था पेशन योजना पर बड़ा फैसला लेते हुए अब पति–पत्नी दोनों को वृद्घावस्था पेंशन योजना का लाभ दिया हैं। योजना के अंतर्गत दिए जाने वाले लाभ को अब पात्र पति और पत्नी दोनों को देने का शासनादेश जारी कर दिया है। साथ ही सरकार ने पर्यावरण मित्रों का एक दिन का मानदेय बड़ाकर ५०० रुपए कर दिया है।

इस दौरान उनके साथ विधायक श्री कैलाश गहतोड़ी, नगर अध्यक्ष विपिन कुमार, डीआईजी नीलेश आनंद भरणे, डीएम विनीत तोमर, एसपी देवेन्द्र पींचा, निदेशक इंजीनियरिंग कॉलेज अमित अग्रवाल, जिलाध्यक्ष दीपक पाठक समेत अन्य मौजूद रहे।



## एक नजर

# रक्षा का भार दूसरे देशों पर नहीं रह सकता, खुद के कंधे करने होंगे मजबूत: राजनाथ सिंह

हैदराबाद। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, पिछले कुछ वर्षों की घटनाओं को देखते हुए हमारी सरकार ने डिफेंस प्रोडक्शन में आत्मनिर्भरता पर बल दिया है। अतीत में हम डिफेंस प्रोडक्शन के क्षेत्र में अपेक्षित गति से आगे नहीं बढ़ पाए। महाराणा प्रताप के वफादार, और भरोसेमंद घोड़े की तरह ही, चेतक हेलिकॉप्टरों ने भी दशकों तक युद्ध और शांति में हमारे देश की सेवा की है। रक्षा मंत्री ने आगे कहा, भारत जैसे विशाल देश की रक्षा का भार लंबे समय तक दूसरे देशों के कंधों पर नहीं रह सकता है। हमें अपनी रक्षा के लिए अपने खुद के कंधे मज़बूत करने ही होंगे। हैदराबाद में चेतक हेलिकॉप्टरों के डायमंड जुबली कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि इस मंच से उन सभी कर्मवीरों को नमन करता हूँ, और देशवासियों को आश्वस्त करता हूँ कि राष्ट्र की रक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसे सुनिश्चित करने के लिए हम पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।राष्ट्ररक्षा का जब महायज्ञ होता है, तो उसमें किसी एक की ही आहुति नहीं पड़ती है, बल्कि अप्रत्यक्ष रूप से पूरा देश अपनी आहुति देता है। आज का यह उत्सव, उन अनेक कर्मवीरों की मेहनत और समर्पण के सम्मान का उत्सव है, जिन्होंने किसी भी प्रकार से देश की सेवा में अपना योगदान दिया है।




# साबरमती आश्रम में अरविंद केजरीवाल व भगवंत मान ने चलाया चरखा

नई दिल्ली। पंजाब में जीत के बाद अब आम आदमी पार्टी की नजर साल के अंत में गुजरात विधानसभा चुनाव पर है। इसी के लिए दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और पंजाब के सीएम भगवंत मान दो दिनों के दौरे पर गुजरात पहुंचे हैं। इस दौरान दोनों मुख्यमंत्रियों ने अहमदाबाद के साबरमती आश्रम का दौरा किया। इस दौरान सीएम अरविंद केजरीवाल चरखा चलाते हुए नजर आए। वहीं पंजाब के सीए भगवंत मान ने कहा कि यहां आकर बहुत अच्छा लग रहा है। मान ने कहा कि पंजाब में हर घर में चरखा होता है। उन्होंने कहा कि पंजाब में लोग गांधी जी का बहुत सम्मान करते हैं। वहीं सीएम केजरीवाल ने कहा कि वो यहां राजनीति पर चर्चा नहीं करेंगे। केजरीवाल ने आश्रम की विजिटर्स बुक में लिखा कि ये आश्रम एक आध्यात्मिक स्थान है। ऐसा लगता है जैसे गांधी जी की आत्मा यहां बसती है। यहां आकर आध्यात्मिक अनुभूति होती है। मैं खुद को धन्य मानता हूं कि उस देश में पैदा हुआ जिस देश में गांधी जी पैदा हुए।



# ढेरों बारूदी सुरंगें छोड़ रहे हैं रूसी सैनिकः राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की

कीव। रूस और यूक्रेन में जारी युद्ध के बीच राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शनिवार तड़के अपने मुल्क के लोगों को आगाह किया कि राजधानी से पीछे हट रहे रूसी सैनिकों ने उसके बाहरी इलाकों में एक बड़ी आपदा पैदा कर दी है, क्योंकि वे पूरे क्षेत्र में बारूदी सुरंगें छोड़ गए हैं। जेलेंस्की ने कहा, यहां तक कि घरों और लाशों के आसपास भी वे बारूदी सुरंगे छोड़ गए हैं। उन्होंने यह चेतावनी ऐसे समय में जारी की है, जब रूसी सेना द्वारा निकासी कार्यों को लगातार दूसरे दिन बाधित करने से बंदरगाह शहर मारियुपोल में मानवीय संकट गहरा गया है और क्रेमलिन ने यूक्रेन पर रूसी धरती पर स्थित एक ईंधन डिपो पर हेलीकॉप्टर से हमला करने का आरोप लगाया है। हालांकि यूक्रेन ने इस हमले की जिम्मेदारी लेने से इनकार कर दिया है। लेकिन अगर रूसी दावों की पुष्टि होती है तो यह युद्ध में पहला ऐसा ज्ञात हमला होगा, जिसमें किसी यूक्रेनी विमान ने रूसी हवाई क्षेत्र में घुसपैठ की। रूस ने कीव के आसपास के क्षेत्रों से अपने कुछ सैनिकों को वापस बुलाना जारी रखा है। दरअसल, मॉस्को ने सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि वह यूक्रेन की राजधानी और उत्तरी शहर चेर्निहाइव के पास सैन्य गतिविधियों में कमी लाएगा।



# चंपावत से चुनाव लड़ने की इच्छा जताई सीएम ने



विशेष संवाददाता

देहरादून/चंपावत। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपने दो दिवसीय चंपावत दौरे पर है। आज अपने दौरे के दूसरे दिन मुख्यमंत्री ने टनकपुर के विख्यात पूर्णागिरि शक्तिपीठ में अपने परिवार के साथ पूजा अर्चना की। बाजार में आम लोगों के साथ चाय की चुस्कियां ली तथा शारदा घाट पर औचक निरीक्षण कर स्थानीय अधिकारियों को मौके पर ही कटान रोकने के निर्देश भी दिए।

दोबारा मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद पहली बार कुमाऊं दौरे पर निकले मुख्यमंत्री के इस दौरे को अपने लिए सुरक्षित सीट की तलाश के मद्देनजर भी देखा जा रहा है। चंपावत से भाजपा

**●पूर्णागिरि मंदिर में की शक्ति साधना**

**●गहतोड़ी छोड़ेंगे सीएम के लिए अपनी सीट**

विधायक कैलाश गहतोड़ी पहले ही मुख्यमंत्री धामी के लिए अपनी सीट छोड़ने का ऑफर दे चुके हैं। उधर बनबसा के मिनी स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि मेरे लिए सीट छोड़ने की इच्छा जताने के लिए मैं गहतोड़ी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर मुझे चंपावत से चुनाव लड़ने का मौका मिलता है तो यह मेरे लिए सौभाग्य की बात होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि वह भाजपा हाईकमान को प्रस्ताव भेजेंगे कि वह चंपावत सीट से चुनाव लड़ना चाहते हैं लेकिन इसका अंतिम फैसला पार्टी हाईकमान को ही लेना है। अपने इस दौरे के दौरान आज उन्होंने टनकपुर स्थित मां पूर्णागिरि मंदिर में पत्नी के साथ पूजा अर्चना की। जिसके बाद बाजार में एक टी स्टाल पर स्थानीय लोगों के साथ बैठकर चाय पी और लोगों से बात कर उनका मन टटोलने की कोशिश भी की। मुख्यमंत्री धामी ने शारदा घाट का औचक निरीक्षण भी किया तथा मौके पर मौजूद अधिकारियों को कटान रोकने का इंतजाम करने के लिए निर्देश भी दिए। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक गहतोड़ी भी उनके साथ मौजूद रहे।

# पुलिस वाला बन महिला से ठगे लाखों के जेवरात

संवाददाता

देहरादून। महिला को पुलिस वाला बन सम्मोहित कर लाखों के जेवरात ठग लिये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शकुन्तला नेगी पत्नी स्वर्गीय राजेन्द्र सिंह नेगी समय लगभग पौने ग्यारह बजे कैलास हास्पिटल से बाहर निकल कर रोड पर डोईवाला बस पकड़ने के लिए खड़ी थी तभी हमारे पास एक लड़का आया और मुझसे बोला कि आप को साहब बुला रहे । जो लगभग 20 कदम दूर पर खड़े थे। मैंने कहा कि मैं उन्हे नहीं जानती हूँ। मैं उनके पास क्यो जाऊँ? तो वह लड़का जो मुझे बुलाने आया था बोला कि वह पुलिस के साहब है। इसके बाद मैं उसके पास गई। तो वह व्यक्ति मुझसे बोला कि मैं पुलिस वाला हूँ। आप लोग अखबार नहीं पढते हो कल ही यहाँ पर एक महिला की हत्या हुई है । तथा उसका सारा जेवरात चोरो ने लूट लिया था । इस लिये मुझे डीएपी साहब ने यहाँ तैनात किया है । मेडम यहाँ पर बहुत चोरी हो रही है। इसलिए आप अपने कंगन (02) (चेन (01) अँगूठी (01) उतरकर अपने पर्स में रख लो । पुलिस वाला मानकर मैने सोचा कि यह सच ही बता रहा है। तब मैं अपने गहने उतारने लगी तो वह बोला आप यह गहने मुझे दो मैं इनको पेपर में बाँध देते है और आप इन्हें अपने बैग में रख लेना । मेरे देखते-देखते उन्होने मेरे गहने कागज में पैक किया। मुझे नहीं पता कि उन्होने मेरे ऊपर क्या कर दिया था। इसके बाद वह कागज का पैकेट मैं पर्स में रखकर बस पकड़कर डोईवाला चल दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# शातिर चोर गिरफ्तार, लाखों का माल बरामद

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। रूड़की कोतवाली क्षेत्र में हुई कई चोरियों का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक शातिर को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी किया गया माल बरामद किया गया है। चोर के मकान मालिक द्वारा उसका सत्यापन न करवाये जाने पर पुलिस ने उसके खिलाफ भी पुलिस एक्ट के तहत पांच हजार की चालानी कार्यवाही की गयी है।

जानकारी के अनुसार बीते कुछ समय से कोतवाली रूड़की क्षेत्र में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की कई घटनाओं को अंजाम दिया गया था। जिस पर अंकुश लगाने के लिए आलाधिकारियों ने एक पुलिस टीम का गठन किया और चोरों की तलाश शुरू कर दी गयी। चोरों की तलाश में जुटी टीम को इस दौरान सूचना मिली कि उक्त चोरियों में शामिल चोर सोनाली पुल के पास नहर पटरी पर देखा गया है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने बताये गये स्थान पर दबिश देकर गुलाब सिंह उर्फ छोटा पुत्र शांता निवासी हलालपुर थाना कोतवाली देहात सहारनपुर, हाल किराएदार प्रकाश, ग्राम मजरा, कोतवाली रुड़की को चोरी की समरसेबल मोटर, मोबाइल फोन तथा सोने चांदी की ज्वेलरी के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उसने बताया कि वह रुड़की में किराए पर रहता है तथा उसकी पत्नी आदर्श नगर में ज्योत्सना पोर्सन के घर में साफ सफाई का काम करती थी। जिस कारण उसका उनके घर में भी आना जाना था। इसी बहाने से



उसके द्वारा ज्योत्सना पोर्शन के घर की रेकी कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। इसके अलावा उसने कोतवाली क्षेत्र में अलग-अलग जगह पर कई घरों में चोरी करना कबूल किया गया तथा बताया कि चोरी का कुछ माल उसने किसी को बेच दिया जिन्हें बेचने पर उसे 80 हजार रूपये मिले थे जो उसने अपनी पत्नी के बैंक ऑफ बड़ौदा के खाते में जमा करा दिए थे। पुलिस ने आरोपी की पत्नी के बैंक अकाउंट को होल्ड कर दिया है। गिरफ्तार किये गये चोर के संबंध में उसके मकान मालिक से जानकारी करने पर मकान मालिक द्वारा किराएदार का सत्यापन न कराए जाने पर पुलिस अधिनियम के तहत 5 हजार की चालानी कार्यवाही भी की गयी है। बहरहाल पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

## हेल्थ वर्करों ने स्वास्थ्य..

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

दून अस्पताल में धरना प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि जब उनकी सरकार को जरूरत थी उन्हें काम पर रख लिया गया और अब जब जरूरत नहीं रही तो निकाल बाहर कर दिया। इन स्वास्थ्य वर्करों का कहना है कि सरकार रिक्त पदों पर उनका समायोजन करें।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकार:**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*